

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 2 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-095 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## अग्निवीर के परिवार ने राहुल गांधी के दावे को बताया गलत

**बोले- हमें 1 करोड़ से ज्यादा मिला**





**नई दिल्ली,2 जुलाई।** अग्निवीर को लेकर लोकसभा में किया गया राहुल गांधी का दावा गलत साबित हुआ है। जान गंवाने वाले अग्निवीर के परिवार ने कहा है कि उन्हें सरकार से 1.08 करोड़ रुपए की मदद मिली थी। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में कहा था कि अग्निवीर यूज एंड थ्रो लेबर हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि सीमा पर जान गंवाने वाले अग्निवीरों की सरकार सुधि नहीं ले रही है। उस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस बात का विरोध किया था और कहा था कि यह बात पूरी तरह से गलत है।

अग्निवीर अक्षय गावत के परिजन महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में पिंपलगांव सराय में रहते हैं। अक्षय गावत सियाचिन में ड्यूटी करते हुए एक अक्टूबर 2023 को अपनी जान गंवा बैठे थे। सोमवार को रिपोटर्स से बात करते हुए अक्षय के पिता लक्ष्मण गावते ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि अक्षय की मौत पर परिवार को उसके इंश्योरेंस के 48 लाख रुपए मिले थे। इसके अलावा केंद्र सरकार ने 50 लाख रुपए और प्रदेश सरकार की तरफ से 10 लाख रुपए मिले थे। इस दौरान उन्होंने अक्षय की बहन के लिए सरकारी नौकरी की भी मांग की। गौरतलब है कि अग्निपथ योजना की घोषणा 14 जून, 2022 को की गई थी। इसमें 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को केवल चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 25 प्रतिशत को आगे 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है। सरकार ने बाद में ऊपरी आयु सीमा को बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया।

### खाद्य विभाग का डेयरी में छापा 50 किलो सड़ी मलाई मिली

**रायपुर,2 जुलाई।** खाद्य विभाग ने राजधानी रायपुर अवंती बाई चौक स्थित रामा डेरी में छापा मारा. यहां से टीम को करीब 50 किलो सड़ी हुई मलाई मिली, जिसे नष्ट करवाया गया. खाद्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पिछले कई दिनों से विभाग को सूचना मिल रही थी कि राजधानी रायपुर के कई डेरियों में अनहाईजेनिक तरीके से दूध-दही बेचा जा रहा है. जिसके बाद आज टीम औचक निरीक्षण करने निकली और टीम अवंती बाई चौक के रामा डेरी पहुंची. यहां जंग लगी हुई ट्रे में मलाई रखी हुई मिली. अधिकारियों ने जब दुकान के अंदर रखे डीप फ्रिजर खुलवाया तो गंध से अधिकारी खुद परेशान हो गए, क्योंकि फ्रीज के अंदर कई दिनों से रखा हुआ क्रिम मौजूद था जो पूरी तरह से सड़ गया था और उसका रंग सफेद से मठमैला हो गया था. खाद्य विभाग की टीम ने इस सड़े क्रीम को नष्ट करने की कार्रवाई की और दुकान में मौजूद दूध-दही और क्रीम के सैंपल भी जब्त किए.

## राहुल गांधी के बयान से 110 करोड़ हिंदू दुखी : अरुण साव

**रायपुर,2 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लगातार तीसरी बार फेल और बार-बार लॉन्च के बावजूद फेल हो चुके राहुल गाँधी का नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहला ही भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ था। इतना ही नहीं, उनका अपने भाषण के दौरान आचरण भी संसदीय गरिमा के अनुरूप बिलकुल भी नहीं था। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लोक सभा में चर्चा राष्ट्रपति जी के अभिभाषण हो रही थी लेकिन राहुल गाँधी ने उस बाबत औपचारिकतावश भी एक शब्द नहीं बोला। सदन में राहुल गाँधी ने केवल और केवल झूठ बोला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को राहुल गांधी का ज्ञानवर्धन करना चाहिए और समझाना चाहिए कि भारत की संसदीय गरिमा को कम न करें। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राहुल गाँधी ने अपने भाषण में न केवल हिंदुओं का घोर अपमान किया, न केवल हिंदुओं को हिंसक,



नफरती और झूठा बताया बल्कि अग्निवीर, किसान, अयोध्या, माइक - सब पर झूठ और केवल झूठ बोला। राहुल गाँधी को अविलंब हिंदुओं का अपमान करने के लिए और सदन में झूठा बयानबाजी करने के लिए देश की जनता से अविलंब माफी मांगनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राहुल गाँधी झूठ बोल कर भाग जाने में माहिर हैं। राहुल जी, आप सदन में झूठ नहीं बोल सकते, आपको अपनी बातों को साबित करना होगा। आप ऐसे हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। आज संसद में राहुल गांधी ने सम्पूर्ण हिंदू समाज को हिंसक और असत्यवादी बताकर, हिंदू समाज का घोर अपमान किया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाय, कम है। ये कांग्रेस की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने यह भी पहली बार नहीं किया है। अब कांग्रेस और उनका गैंग राहुल गाँधी को सही ठहराने के लिए कई बहाने बनायेंगे कि लेकिन सदन में राहुल गाँधी ने स्पष्ट कहा है कि जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत-नफरत, असत्य-असत्य-असत्य की बात करते हैं। पत्रकार वार्ता मे प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ग्लोबल इंडिया एआई समिट की भारत करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के देखरेख में 3-4 जुलाई को नई दिल्ली में ग्लोबल इंडियाएआई समिट 2024 का आयोजन कर रहा है. इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की एक प्रेस रिलीज के अनुसार शिखर सम्मेलन का मकसद अंतर्राष्ट्रीय एआई एक्सपर्ट के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है, जो नैतिक और समावेशी एआई विकास के लिए भारत के समर्पण को मजबूत करता है. ग्लोबल इंडियाए आई समिट 2024 विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों सहित अलग-अलग क्षेत्रों के हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा. ये विशेषज्ञ प्रमुख एआई मुद्दों पर चर्चा करने, अंतर्दृष्टि साझा करने और एआई पारिस्थितिओं की तंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए एकत्रित होंगे. इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके भारत वैश्विक एआई समुदाय में एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि कर रहा है, जो समाज के लिए सुरक्षित, संरक्षित और लाभकारी तकनीकों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है.

### ट्रेलर ने ली कुरियर ब्वाय की जान

**बिलासपुर,2 जुलाई।** सिरगिट्टी इंडस्ट्रियल एरिया में थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर एक ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इसके बाद ड्राइवर ने सकरी थाने में सरेंडर कर दिया। बाइक सवार युवक कुरियर सर्विस के ऑफिस में ड्राइवर था। वह घर से ऑफिस के लिए निकला था, तभी हादसा हो गया। नयापारा वार्ड-11 निवासी अभिषेक वर्मा (27) रोज की तरह डिलीवरी कुरियर सर्विस के ऑफिस के लिए निकला था। सुबह बारिश हो रही थी। 5.13 बजे जय दुर्गा ऑयल मिल और नंदन एग्रो चौराहे पर पहुंचा था, तभी ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एपी 0848 के ड्राइवर ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद ड्राइवर रुका। उसने देखा कि अभिषेक गाड़ी के नीचे आया है, तब तेजी से गाड़ी में चढ़ा और फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने अभिषेक को देखा तो उसके मोबाइल से परिजन को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक अभिषेक ने 15 दिन पहले ही यह काम शुरू किया था। यह डिलीवरी कुरियर सर्विस कंपनी में बतौर ड्राइवर काम शुरू किया था। रोज सुबह वह मंडपम् स्थित ऑफिस से पार्सल से भरी गाड़ी लेकर मुंगेली और आवास के क्षेत्रों में जाता था। अभिषेक की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी।

### रहस्यमय तरीके से गायब नवजात बच्ची की कुएं में मिली लाश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में घर से रहस्यमयी तरीके से गायब हुई नवजात बच्ची की कुएं में लाश मिली है. शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. बता दें कि मस्तूरी थाना क्षेत्र के किरारी गांव में एक घर से देर रात अपनी मां के बगल में सो रही 24 दिन की नवजात बच्ची गायब हो गई थी. जानकारी के अनुसार, मस्तूरी थाना अंतर्गत किरारी गांव के रहने वाले एक परिवार के घर से देर रात एक 24 दिन की नवजात बच्ची गायब हो गई. मामले की सूचना पर मस्तूरी पुलिस परिजनों से पूछताछ के बाद बच्ची की तलाश में जुटी. इस दौरान गांव के ही एक कुएं में नवजात की लाश मिली. जिसके बाद पुलिस बच्ची के शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है. बच्ची की मां का रो-रोकर बुरा हाल है. बच्ची की मां ने बताया कि उसकी 3 बेटियां हैं, जिसमें से सबसे छोटी बेटी को लेकर सोए हुए थे।

## राहुल अभी भी परिपक्व नहीं हुए हैं: ललन सिंह

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** एनडीए संसदीय दल की बैठक पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा कि यह एक अच्छी बैठक थी। इसके साथ ही उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी वार किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अभी भी अपरिपक्व हैं। वह अभी भी परिपक्व नहीं हुए हैं। वह विपक्ष के नेता बन सकते हैं लेकिन वह अभी भी परिपक्व नहीं हैं। जदयू नेता ने कहा कि कोई तथ्य या सच्चाई नहीं। उन्होंने सिर्फ आरोप लगाए हैं, अगर वह नेता प्रतिपक्ष बन गए हैं तो उन्हें परिपक्व होना चाहिए।



एनडीए की बैठक पर केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (रामविलास) नेता चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरह से हमने हाल ही में स्पीकर चुनाव और अन्य उदाहरणों के दौरान संसदीय परंपराओं का उल्लंघन होते देखा है। पीएम के अनुभव से सीखना बहुत मायने रखता है, हमें उनका मार्गदर्शन मिला आज इस पर। उन्होंने कहा कि एक सांसद के रूप में अपने पहले दो कार्यकाल के दौरान, मैंने सीखने के लिए सदन में बहुत समय बिताया। केंद्रीय मंत्री और जद (एस) सांसद, एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि पीएम ने सभी सांसदों को सदन में उपस्थित रहने और बहुत सी चीजें सीखने की सलाह दी। उन्होंने सभी सदस्यों को सदन में कैसे व्यवहार करना है और जनता के पक्ष में कैसे काम करना है इसकी भी सलाह दी। एलजेपी (आरवी) सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि जिस तरह से उन्होंने हिंदुओं को 'हिंसक' कहा, हम उसकी निंदा करते हैं... नेता प्रतिपक्ष के रूप में यह उनका पहला भाषण था।

## सभी 33 जिलों में प्रभारी सचिव नियुक्त

**रायपुर, 2 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। राज्य शासन द्वारा राज्य के सभी 33 जिलों के लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संचालक, विशेष सचिव को जिले का प्रभार दिया गया है। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके। प्रभारी सचिव अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले को धमतरी जिला का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग, ऋचा शर्मा को बस्तर, मनोज कुमार पिंगुआ को बिलासपुर जिला, प्रमुख सचिव निहारिका बारिक को रायपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को जांजगीर चांपा, सचिव शहला निगार को महासमुंद, डॉ. कमलप्रीत सिंह को रायगढ़, परदेशी सिद्धार्थ कोमल को बलौदाबाजार-भाटापारा, अविनाश चंपावत को राजनांदगांव, प्रसन्ना आर. को कबीरधाम, अम्बलगन पी. को जशपुर, अलरमेलमंगई डी. को कोरबा, एस. प्रकाश को कोरिया, नीलम नामदेव एक्का को सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकित आनंद को बालोद, डॉ. सी. आर. प्रसन्ना को बेमेतरा, भुवनेश यादव को सूरजपुर, सचिव श्री एस. भारतीदासन को मुंगेली जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव शम्मी आबिदी को कांकेर, हिमशिखर गुप्ता को गरियाबंद, मोहम्मद कैसर अब्दुलहक को गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, यशवंत कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज, नरेन्द्र दुग्गा को सुकमा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह को कोण्डागांव, संचालक (कोष एवं लेखा) महादेव कावरे को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, विशेष सचिव किरण कौशल को दंतेवाड़ा, संचालक सौरभ कुमार को सक्ती, संचालक सुनील कुमार जैन को सरगुजा, विशेष सचिव जयप्रकाश मौर्य को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, विशेष सचिव सारांश मित्तर को बीजापुर और विशेष सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो को नारायणपुर, विशेष सचिव रमेश कुमार शर्मा को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।



## भाषण का अंश हटाने पर राहुल गांधी भड़के,लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** लोकसभा में आज पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देंगे। उनसे पहले एनडीए सरकार के कुछ मंत्री भी बोल सकते हैं। सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों और अग्निपथ भर्ती स्कीम को लेकर सरकार पर हमला बोला था। इसके अलावा उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए कहा था कि खुद को हिंदू कहने वाले लोग हिंसा-हिंसा की बात करते हैं, जबकि भगवान शिव शांति का संदेश देते हैं। वह कहते हैं कि न डरो और न डराओ। राहुल गांधी के इस बयान पर पीएम नरेंद्र मोदी समेत सरकार के कई मंत्रियों ने ऐतराज जताया था। अमित शाह का कहना था कि राहुल गांधी ने हिंदू समाज का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के अलावा महुआ मोइत्रा ने भी सोमवार को तीखा भाषण दिया था। उन्होंने कहा था कि मेरा पिछले सत्र में द्रौपदी की तरह चीरहरण किया जा रहा था, लेकिन जनता कृष्ण बन गई और मेरी लाज बचा ली। महुआ मोइत्रा ने यह भी कहा था कि एक मेरे को भाजपा संसद में आने से रोकना चाहती थी, लेकिन उसके इस बार 63 सांसद कम हो गए। आज भी लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही हंगामेदार हो सकती है। वहीं मंगलवार की कार्यवाही अखिलेश यादव के भाषण से शुरू हुई है। उन्होंने सदन में एक बार फिर से ईवीएम पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि हम यूपी की सारी 80 सीटों को जीत जाएं तो भी ईवीएम के खिलाफ रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम कभी भी सत्ता में आए तो अग्निवीर स्कीम को समाप्त करेंगे।

## एनटीपीसी ने खुद तोड़ा राखड़ बांध, नहीं तोड़ते तो डेम के फूटने का था खतरा

**कोरबा,2 जुलाई।** एनटीपीसी प्रबंधन ने अपने धनरास राखड़ बांध को खुद तोड़ा था. अगर राखड़ बांध को नहीं तोड़ा जाता तो उसके फूटने का खतरा था, जिसे ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन को यह कदम उठाना पड़ा. इस बात का खुलासा कंपनी प्रबंधन ने किया है. पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जिले को तरबदर कर दिया है. कई बस्तियों में पानी घुस गया है, वहीं नदी-नाले उफान पर नजर आ रहे हैं. लगातार हो रही बारिश की वजह से एनटीपीसी का धनरास राखड़ बांध भी लबालब हो गया था, जिससे अगर नहीं तोड़ा जाता तो कभी भी टूट भी सकता था. इससे होने वाले नुकसान को देखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन ने बांध तो तोड़ने का फैसला लिया. देर रात घटी इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. इस बात की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई, तब मौके पर पहुंचकर उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी ली. बताया जा रहा है कि डेम के आसपास के 40 एकड़ खेत में राखड़ बह गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है. एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी उषा घोष ने बताया कि एनटीपीसी कोरबा का धनरास राखड़ तटबंध पूरी तरह सुरक्षित है. अत्यधिक वर्षा से उत्पन्न आपातकाल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राखड़ बांध को क्षति से बचाने हेतु पुनर्निर्धारित मार्ग से पानी को निकाला गया, जिसका कुछ हिस्सा नीचे मौजूद ग्रामीणों के खेतों में भी गया है. उन्होंने बताया कि एनटीपीसी के अधिकारी प्रतिदिन राखड़ तटबंध में मौजूद रहते हैं. घटना के समय भी राखड़ बांध में एनटीपीसी के सभी छह अधिकारी मौजूद थे. एनटीपीसी प्रबंधन राखड़ बांध के चारों तरफ रहने वाले परियोजना प्रभावित परिवारों के सभी हितों की रक्षा के लिए सतत प्रतिबद्ध है.



### अब सिर्फ नेशनल-इंटरनेशनल खिलाड़ियों को मिलेगी स्पोर्ट्स कोटे की सरकारी नौकरी

**रायपुर,2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार स्पोर्ट्स कोटे की सरकारी नौकरियां फिर शुरू करने वाली है। पिछले पांच साल से यह बंद थी जिसे अब फिर शुरू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार साय सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ी नियम में बदलाव करने के बाद स्पोर्ट्स कोटे की सरकारी नौकरियां बहाल करेगी। दरअसल, भूपेश सरकार में नेशनल, इंटरनेशनल खिलाड़ियों के अलावा विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरी के लिए पात्र बना दिया गया था। इससे खिलाड़ियों की संख्या अधिक हो गई थी। अब साय सरकार इस नियम में बदलाव के लिए समिति बनाने जा रही है। बताया जा रहा है कि, साय सरकार द्वारा बनाई गई समिति में विश्वविद्यालय के सर्टिफिकेट से सरकारी नौकरी मिलने के प्रावधान को खत्म किया जाएगा।



## सिलेंडरों से भरा ट्रक पलटा

**बिलासपुर,2 जुलाई।** न्यायधानी में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. वाहन पलटते ही सड़क पर भरे सिलेंडर बिखर गए. हादसे में ट्रक ड्राइवर को मामूली चोट आई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्थित करने में जुट गई. बताया जा रहा है कि रायपुर से बिलासपुर गैस गोदाम जा रहा सिलेंडर से भरा ट्रक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जेपी वर्मा कॉलेज के सामने पलट गया. यह घटना सुबह करीब 5 बजे की है. जैसे ही ट्रक कॉलेज के पास पहुंचा, अचानक डिवाइडर से टकराकर पलट गया और भरे हुए सिलेंडर बाहर फेंका गए. लेकिन अच्छी बात यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और क्रेन की मदद से गाड़ी को हटाया गया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

**छत्तीसगढ़ में एथलेटिक्स के 10 इवेंट के लिए खिलाड़ी तैयार किए जाएं**

jasclaudius@gmail.com

## खिलाड़ियों के चयन में दूरदर्शिता से मिलेगी कामयाबी

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

एथलेटिक्स की विश्व स्पर्धा हो या फिर बहुखेल प्रतियोगिता जैसे ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल सभी में अब 48 इवेंट महिला व पुरुष मुकाबले में होने लगे हैं। एथलेटिक्स की प्रतिभाएं सही तौर पर ग्रामीण, वनांचल क्षेत्र में पाई जाती है। दूरदराज के गांव के बच्चे, किशोर जब शाला या बाजार या कोई मेला देखने या त्यौहार मनाने एक गांव से दूसरे गांव में जाते हैं तो उनका बचपन उभरकर सामने आता है। वे ऊबड़-खाबड़ रास्ते को उछलते कूदते पार कर जाते हैं पर उन्हें क्या मालूम कि अगर इसी गतिविधि को किसी समतल जगह पर व्यवस्थित रूप से किया जाए तो वे अपने राज्य, देश का नाम खेल के माध्यम से रोशन कर सकते हैं। एथलेटिक्स के इवेंट में 2024 में पेरिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200, 400, 800, 1500 और 10000 मीटर की दौड़ महिला व पुरुष वर्ग के लिए होती है। इसी तरह बाधा दौड़ के पुरुष वर्ग में 110 मी., 400 मीटर जबकि महिला वर्ग में 100 मी., 400 मीटर के इवेंट होते हैं। दोनों ही वर्गों में 3000 मी. स्टीपलचेस इवेंट होता है। इसी तरह रिले इवेंट के दोनों वर्गों में 4×100 मी. तथा 4×100 मी. के इवेंट होते हैं। लंबी रेस में मेराथन दौड़ के अलावा 20 किलोमीटर पैदल चाल के इवेंट होते हैं। कूद के इवेंट में ऊंची कूद, बांस कूद, लंबी कूद, तिहरी कूद शामिल है जबकि फेंकने के इवेंट में गोलाफेंक, तवाफेंक, हैमर थ्रो और भाला फेंक में मुकाबले होते हैं। पुरुष वर्ग में एक खिलाड़ी दस खेलों जिसे डेकोथलान कहते हैं जबकि महिला वर्ग में सात खेलों जिसे हेप्टेथलान कहते हैं के लिए संघर्ष होता है। इसके अलावा पुरुष व महिला में 4×100 मीटर का मिश्रित रिले जबकि मेराथन चाल रिले का मिश्रित इवेंट में पदक के लिए



मुकाबला होता है। एथलेटिक्स के उपरोक्त समस्त इवेंट पर नजर डालने से स्पष्ट है कि अभी कुछ राज्य विशेष में किसी एथलेटिक्स के इवेंट में खिलाड़ी चुनकर आते हैं। फिर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के पदक जीतकर लाते हैं। दौड़ में केरला, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के खिलाड़ी ज्यादा सफल होते हैं। इसकी वजह है वहां इन इवेंट के खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, खेल अधोसंरचना, प्रशिक्षक आदि की उपलब्धता है। इसके लिए केंद्र सरकार व राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध सुविधा का लाभ खिलाड़ी उठाते हैं। छत्तीसगढ़ में एथलेटिक्स के संदर्भ में बात की जाए तो हमारे प्रदेश के आदिवासी अंचल बस्तर व सरगुजा और रायपुर, बिलासपुर आदि जगह एथलेटिक्स इवेंट की तैयारी के लिए सुविधा है। छत्तीसगढ़ में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण मदद कर रहा है। यहां पर रायपुर, राजनांदगांव में साई का आवासीय व गैर आवासीय प्रशिक्षण केंद्र है जबकि बिलासपुर में हाकी के उत्थान के लिए उत्कृष्ट खेल केंद्र है। केंद्र सरकार खेलो इंडिया कार्यक्रम के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाएं आयोजित करती है इसमें पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के स्तर को सुधारने के लिए नकद राशि दी जाती है। छत्तीसगढ़ में खेल एवं युवा कल्याण विभाग इस दिशा में सक्रिय है। एक नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य के अस्तित्व में आने के कारण यहां की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की संभावना बहुत प्रबल है। छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ के माध्यम से प्रत्येक खेल का राज्य स्तर पर संघ है जिसके पदाधिकारी जिला स्तर पर अपने-अपने खेलों के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण व विभिन्न स्तर की प्रतियोगिता कराने के लिए सतत प्रयासरत हैं। इसी तरह विश्वविद्यालय के साथ शाला स्तर पर हमारे प्रदेश में खेलकूद की गतिविधि और टूर्नामेंट कराये जाते हैं। अब चूंकि राज्य निर्माण के 24 वर्ष हो रहे हैं अतः खेलों में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए संकल्प लेना होगा। एथलेटिक्स में 5000, 10000 मीटर के दौड़, मैराथन, बाधा दौड़, 20 किमी पैदल चाल, ऊंची कूद, लंबी कूद तथा तवा फेंक व हैमरथ्रो इन इवेंट पर विशेष रूप से खिलाड़ी तैयार करके उन्हें प्रशिक्षित करने की कोशिश लाभप्रद हो सकती है।

## राज्यसभा में धनखड़ और खड़गे के बीच तीखी बहस

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र जारी है। सत्र के सातवें दिन राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ और नेता प्रतिपक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच ही जमकर बहस हो गई। चर्चा के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे के बार-बार उठने और टोकने से नाराज धनखड़ ने खड़गे को बैठने के लिए कहा। इसपर खड़गे ने कहा कि- मुझे बनाने वाली सोनिया गांधी हैं। यहां मुझे देश की जनता लाई है। इसपर धनखड़ ने फटकार लगाते हुए कहा कि- मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता, आपको किसने बनाया, ये आप जानें। दरअसल संसद सत्र का मंगलवार 2 जुलाई को 7वां दिन की कार्यवाही जारी है। राज्यसभा में नेता विपक्ष खड़गे और सभापति धनखड़ के बीच जमकर बहस हो गई। कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मुझे बनाने वाली सोनिया गांधी हैं। न रमेश बना सकता है, न आप बना सकते हैं, जनता ने मुझे बनाया। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। आपको किसने बनाया, ये आप जाने। कितने मौके आए जब आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लगा, मैंने आपकी प्रतिष्ठा को बचाया। राज्यसभा सभापति ने कहा कि- आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। आप हर बार कुर्सी का अनादर नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े हो जाते हैं और बिना कुछ समझे कुछ भी बोल देते हैं। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में कभी भी अध्यक्ष की इतनी अवमानना नहीं हुई। आपके लिए सोचने का समय है। आपकी गरिमा पर कई बार हमला हुआ है।

# नए सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी का छत्तीसगढ़ से गहरा रिश्ता, दोस्तों ने दी बधाई



**भिलाई, 2 जुलाई ।** नए सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी के पदभार संभालने पर छत्तीसगढ़ में भी जश्न का माहौल है। न्यायधानी अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर और धमतरी, दुर्ग, बालोद आदि जिलों तक में उनके बचपन के मित्रों एवं सहपाठियों उनके चाहने वालों ने मिठाई बांटकर आपस में खुशियां चार कीं और सन्देश भेजकर बधाई एवं शुभकामनायें दीं। उनका प्लान है कि वे उन्हें छत्तीसगढ़ आमंत्रित कर पुराने दिनों की यादें ताजा करेंगे। उल्लेखनीय है कि जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सन 1973 में सैनिक स्कूल ज्वाइन करने के पूर्व अंबिकापुर के सरस्वती शिशु मंदिर में प्राथमिक स्तर कक्षा 5 पांचवीं तक की पढ़ाई की, जहां उनके पिताश्री कृष्ण द्विवेदी खनिज अधिकारी थे। वहां से उपेन्द्र द्विवेदी रीवा के आर्मी स्कूल चले गए जहाँ से जनवरी 1981 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में शामिल हो गए। उनके बचपन के मित्र एवं क्लासस्मेट छत्तीसगढ़ में भी हैं जो इस खबर से फूले नहीं समा रहे हैं कि उनके बेंचर बेस्ट फ्रेंड भारतीय सेना के सर्वोच्च अधिकारी पद को सुशोभित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में उनके सहपाठियों में धमतरी के एसडीओपी रामकृष्ण मिश्रा सहित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल रायपुर में चीफ इंजिनियर आलोक सिंह एवं अवकास प्राप्त अधिकारी वीरेन्द्र सिंह चंदेल लगातार देशभर के उनके क्लास्मेट्स के साथ जुड़े हुए हैं और पुरानी यादों को ताजा कर रहे हैं। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के अभिन्न मित्र और सहपाठी धमतरी के एसडीओपी रामकृष्ण मिश्रा ने तरुण छत्तीसगढ़ से उन यादगर पलों को शेयर करते हुए बताया कि भारतीय सेना के इतिहास में यह समय स्वर्णिम पन्नों में लिखा जायेगा कि आर्मी चीफ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और भारतीय नौ सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी दोनों ही रीवा के सैनिक स्कूल में साथ पढ़े और सगे भाइयों की तरह रहकर बैच को गौरव से भर दिया। दोनों ही 5वीं क्लास से दोस्त हैं। मिश्रा ने यादों की पोटली खोलते हुए बताया कि बताया कि उपेन्द्र द्विवेदी और दिनेश कुमार त्रिपाठी दोनों शुरू से बड़े अनुशासित और होनहार छात्र रहे। मिश्रा ने इन अधिकारियों के छात्र-जीवन के अनेक ऐसे रोचक किस्से और रोमांचक क्षण बताये जिसे सुनकर आज की पीढ़ी को सीख मिल सकती है। बकौल मिश्रा, हम लोग एकसाथ हॉस्टल में रहते थे। चौबीसों घंटे एक दूसरे के अंतरंग पलों के साक्षी थे। उपेन्द्र द्विवेदी और दिनेश कुमार त्रिपाठी क्लास में रोल मॉडल की तरह थे। देश के प्रति एक अलग ही तरह का जज्बा था। भारत माता की जय बोलकर बड़े-से-बड़ा साहसिक काम कर जाना और वीर सैनिक की हुंकार भरकर आगे बढ़ना हमारे ग्रुप की निशानी थी। हम पढाई और अनुशासन में तनिक कमजोर थे लेकिन उपेन्द्र द्विवेदी और दिनेश त्रिपाठी इतने कठोर अनुशासित रहे कि आज भी उनका दृष्टान्त दिया जाता है। हम चाहे पीटी-परेड में लेट हो जाएँ लेकिन ये दोनों मेधावी समय से पहले पहुँच जाते थे और पढाई में भी कम नहीं थे। हर कार्य में अव्वल ! उपेन्द्र को इनडोर तो दिनेश को आउटडोर गेम पसंद था। उपेन्द्र की टेबल टेनिस और कैरम तो दिनेश की वालीबाल में को सानी नहीं थी। इसमें किसी प्रकार ईगो भी नहीं था। एकदम सरल और नेक दिल ! उपेन्द्र द्विवेदी जनवरी में धमतरी एसडीओपी रामकृष्ण मिश्रा के सुपुत्र के विवाह के सिलसिले में सपरिवार रायपुर आये थे तो उनका बड़ी गर्मजोशी से स्वागत हुआ था। रामकृष्ण मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शीला मिश्रा के साथ उनके परिवार ने मिलकर पुरानी स्मृतियों की गर्द झाड़ी तो छत्तीसगढ़ पुलिस के आला अफसरान राजेश मिश्रा, संजीव शुक्ला, ओपी पाल सहित विवाह मंडप ठहाकों से गूँज उठा। भारतीय सेना के परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और तीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चार्ज प्रशस्ति कार्ड से सम्मानित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी चीन और पाकिस्तान के सामरिक और खुफ़िया मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। अनेक विषम परिस्थियों में उन्होंने चीन और पाक सेनाओं को धूल चटाई है। दुश्मन उनसे खौफ खाते हैं। एसडीओपी रामकृष्ण मिश्रा ने भगवान से प्रार्थना की है कि दोनों की सर्वोच्च सैन्य अधिकारियों की सफलता कदम चूमे और वे हर मकसद में कामयाब हों। छत्तीसगढ़ पुलिस के रिटायर्ड डिप्टी एसपी आजाद सिंह ने अपनी ओर जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को बधाई और शुभकामनायें देते हुए कहा है कि भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के लाडले उपेन्द्र द्विवेदी भारतीय सेना को नयी ऊंचाइयां प्रदान करेंगे कर दुनिया में नाम रोशन करेंगे।

## एक नजर

### डॉक्टर्स डे पर डाक्टरों ने किया मुक्त इलाज



**उतई,2 जुलाई।** सृजन संगठन उतई द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जुलाई डॉक्टर्स डे के अवसर पर उतई के सभी हॉस्पिटल, क्लिनिक को एक दिन के लिए चिकित्सा परामर्श शुल्क निशुल्क करने के लिए निवेदन किया गया था जिसे लगभग सभी डॉक्टरों ने अपनी सहमति प्रदान की ,कई चिकित्सकों ने अपना शुल्क हाफ कर दिया साथ ही आस पास गाँव के डॉक्टरों से भी इस बार चिकित्सा शुल्क न लेने के लिए निवेदन किया गया था , जिस पर सभी ने अपना अमूल्य सहयोग दिया ,जिसके लिए डॉ बंजारे, डॉ ए. के. चंद्राकर , डॉ. आई के वाधवानी , डॉ. प्रहलाद वर्मा, डॉ. दुर्गेश वर्मा, डॉ. के पी सोंनदावना,डॉ. प्रेमलाल पटेल,डॉ. टी आर यादव , डॉ. के यादव, महिमा हॉस्पिटल उतई ,आस्था हॉस्पिटल उतई , संजीवनी हॉस्पिटल उतई, डॉ साहू श्रीराम हॉस्पिटल , डॉ. मानसिंग यादव सेलूद हॉस्पिटल ,डॉ. शुभलक्ष्मी भिलाई उतई , डॉ. अनिल अग्रवाल उतई, डॉ निकेश महतो, डॉ. टी .धनकर , डॉ .एच एल सोने ,डॉ. नारायण , डॉ. बी के साहू ,डॉ बिसेन, डॉ. ए देशलहरे , डॉ असलाम , डॉ. एन के चंद्रवंशी, डॉ. कोमल , डॉ गौतम,डॉ. मोहन साहू , डॉ. ताराचंद साहू, डॉ. हिगलेश्वरी, डॉ. दिपक साहू,डॉ. एच के धनकर, डॉ बी एल हिरवानी आप सभी डॉक्टरों का धन्यवाद , मानव सेवा के पुनीत कार्य मे सहयोग प्रदान करने के लिए सृजन संगठन के सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

### करंट युवक की मौत

**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 7 के सब स्टेशन 15 एफ के पैनल में एक युवक का शव मिला है। युवक का शव केबल वायर के बीच फंसा हुआ मिला है अंदेशा जताया जा रहा है कि युवक चोरी करने की नीयत से घुसा और करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है इससे संयंत्र की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं भिलाई स्टील प्लांट में युवक का शव मिलने की सूचना मिलते ही भट्ठी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है पुलिस ने मृतक की पहचान मरोदा निवासी मनीष आडिल के रुप में की है भट्ठी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 7 के सब स्टेशन 15 एफ के पैनल में हादसा हुआ है। जिस पैनल के अंदर केबिल के बीच में युवक मृत पाया गया है, उसकी दीवार टूटी पाई गई है ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि पैनल की दीवार को तोड़कर वह चोरी करने की नीयत से अंदर घुसा होगा इससे सीआईएसएफ की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हो गए हैं भट्ठी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस थाना और चौकी में तीन नए कानूनों की जानकारी नागरिकों को दी गई



**कवर्धा, 2 जुलाई।** भारतीय न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई जब तीन नए आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम देशभर में लागू हो गए। इस ऐतिहासिक दिन को उत्सव के रूप में मनाने के लिए छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला कबीरधाम के समस्त थानों और पुलिस चोकियो में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने नवीन अपराधिक कानूनों की लोगो को जानकारी दी और भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अनिनियम के बारे में जानकारी दी । महिलाओं, बच्चो की सुरक्षा कानून की भी जानकारी दी गई ।

प्रभाटोला सरपंच गणेश गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि नंद कुर्रे, पूर्व सरपंच ओम प्रकाश वर्मा, कांग्रेसी नेता डाकोर चंद्रवंशी, बिजनेस मैन कैलाश शर्मा, पूर्व सरपंच भारत साहू, भागवत साहू, गोपाल चंद्रवंशी, खरोदाकला सरपंच प्रतिनिधि, गुड्डू मिस्त्री और एएसआई राजकुमार चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक लोकेश खरे, बलदाऊ सत्यांशी, पत्रकार संजीव मिश्रा, पवन तिवारी, हरीश, ओम प्रकाश धुर्वे, राजेंद्र बनवासी, छत्रपाल सिंह, वसीम रजा कुरेशी, आरक्षक जीवन पटेल, मनहरन सोरी, रामझुल धुर्वे, हेमंत भट्ट, राहुल कश्यप, सोमेंद्र शर्मा, सावंत बंधेकर, नरेंद्र चंद्रवंशी, ओम प्रकाश साहू, महिला आरक्षक हुलसी चंद्रवंशी, सैनिक रमेंद्र चंद्रवंशी और समस्त पुलिस स्टाफ और कोटवार, डॉक्टर, व्यापारी और लोग उपस्थित रहे ।

### लोहे से भरी ट्रेलर गायब

**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र बीती रात लोहे से भरी खड़ी एक ट्रेलर गायब हो गया शिकायत पर पुलिस ट्रेलर को तलाश कर रही है पुलिस ने बताया कि घटना रात 1 से 2 बजे के बीच की है ।धर्मकांटा के पास लोहे से भरी ट्रेलर गायब हो गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो ट्रेलर की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला लोकेशन के आधार पर पुलिस ट्रेलर को खोजने में टीम लगी है।

# डेंगू रोकथाम और नियंत्रण के कार्य का आयुक्त ने किया निरीक्षण



भिलाई, 2 जुलाई । टाउनशिप में डेंगू फैलने की आशंका के मद्देनजर आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपायों हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग, जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग के साथ मिलकर उनके प्रशिक्षित कर्मचारियों के सहयोग से घर-घर 15 जून से सर्वेक्षण अभियान के साथ-साथ डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु दवाइयों के वितरण और स्प्रे आदि का कार्य विगत माह के मध्य से प्रारम्भ किया जा चुका है। इसी कड़ी में डेंगू से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लेने हेतु सुबह-सुबह आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश कुमार ध्रुव, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय पहुँचे। जहाँ, भिलाई नगर निगम आयुक्त देवेश ध्रुव ने डेंगू प्रतिरक्षण कार्यक्रम एवं बैक लेन सफाई का जायजा लेते हुए, बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग (पीएचडी) अधिकारियों के साथ टाउनशिप का सघन दौरा किया। पीएचडी के अधिकारियों के साथ भिलाई नगर निगम आयुक्त देवेश ध्रुव ने सेक्टर 4 एवं सेक्टर 1 में डेंगू प्रतिरक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया तथा ब्रीडिंग चेकर्स से चर्चा भी की। उन्होंने, उपलब्ध संसाधनों जैसे मशीन, कीटनाशक एवं मैन पावर का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये और डेंगू को दूर करने के लिए कार्य योजना सुनिश्चित की। अवलोकन पश्चात, भिलाई नगर निगम आयुक्त ने बीएसपी द्वारा डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु किये गए कार्यों एवं प्रयासों की सराहना की। डेंगू को दूर करने के लिए कार्य योजना के अंतर्गत श्री देवेश ध्रुव ने 'बाईट द फाइट' अभियान के तहत, प्रत्येक रविवार को सामुदायिक ड्राई डे, बुधवार को कार्यालयों में श्रमदान के माध्यम से ड्राई डे मनाने एवं शुक्रवार को डेंगू को रोकने सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों के प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने, बीएसपी अधिकारीयों से घर-घर सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत आवासों के टबों, गमलों, खाली रखे पात्रों में पड़े पानी एवं गड्ढों में रुके पानी को खाली करने सम्बंधी जन-जागरूकता एवं लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की।

# मिशन लक्ष्मी के तहत 28 महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**भिलाई, 2 जुलाई ।** मिशन लक्ष्मी के तहत 1 जुलाई को भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर 06 में महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी. आई. ओ. (दुर्ग) डॉ. दिव्या श्रीवास्तव उपस्थित थीं। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए डायरिया के रोकथाम पर विशेष जानकारी प्रदान की व उपस्थित महिला सफाईकर्मियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो द्वारा मिशन लक्ष्मी की परिकल्पना, महत्व तथा भविष्य में इसके विस्तार पर प्रकाश डाला गया। डॉ. निशा ठाकुर ने स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण तथा सजगता के बारे में अवगत कराया व श्रीमती लता मिश्रा द्वारा खान-पान व संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कुल 28 महिला सफाईकर्मियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसका संचालन डॉ. प्रिया साहू ने किया तथा 10 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती लता मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ निशी मिंज, डॉ कौशिक, श्रीमती शशि सिंह समेत नर्सिंग स्टाफ एवं संविदा कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# कोड़िया के 89 घरों में विश्व शांति के लिए गायत्री महायज्ञ में दी गई आहुति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 जुलाई।** गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ उपासना अभियान अंतर्गत गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोड़िया द्वारा बीते रविवार को ग्राम के 89 घरों में एक साथ यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार कराया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू ने बताया अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के निर्देशन एवं गायत्री परिवार दुर्ग के जिला व ब्लॉक समन्वय समिति के मार्गदर्शन में राष्ट्र को समर्थ व शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमिटी महासचिव जितेंद्र साहू सहपत्नी व जनपद पंचायत दुर्ग कृषि सभापति राकेश हिरवानी सहपत्नी मुख्य यजमान के रूप गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। साथ ही मार्गदर्शक के रूप में उपजोन समन्वयक एसपी सिंह, धीरज लाल टांक, जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक समन्वयक डॉ एन के सिन्हा, शिव गायत्री मन्दिर रिसाली ट्रस्टी महिलांग जी, रामेश्वर निषाद, देवी प्रसाद साहू, प्राणेश विश्वास, मीनाक्षी विश्वास, राधेश्याम साहू, फुदुक राम साहू, यशवंत देशमुख, युवराज साहू सहित अन्य वरिष्ठ गायत्री परिजन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से 89 घरों में यज्ञ सम्पन्न कराया जिसमें 71 पुरोहितों के माध्यम से एवं 18 परिजनों द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान गृहशांति, पुंसवन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, गृह प्रवेश, गंगा पूजा सहित विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराया गया। साथ ही सभी घरों में नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण के लिए जन्मदिन, विवाह दिवस व पूर्वजों के नाम पर अधिक से अधिक पौधरोपण करने संकल्प भी लिया गया।

# उतई मंडल अध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दी सलाह



**उतई, 2 जुलाई।** भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति देते हुए उतई मंडल के ग्राम रिसामा बूथ क्रमांक 215 में भाजपा कार्यकर्तृताओ के साथ वृक्षारोपण किया। उन्होंने अपने संदेश में पर्यावरण को सुरक्षित रखने की सलाह दी। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में करोड़ों की संख्या में पौधे लगाए जायेंगे। आम जन मानस और पार्टी के नेता व सभी कार्यकर्ताओं को इस मुहिम में जुट कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना है। हमारे साथ नए पेड़ पौधों के रोपण में इस मुहिम से स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापार मंडलों, धार्मिक सामाजिक सभी व्यक्तियों को उत्साह के साथ जुड़ना है। साथ में 23 जून से लगातार पौधारोपण करा रही है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,लेखुदास साहू,शुभम वर्मा,डिलेश साहू,राजेन्द्र साहू,लेखराम साहू,ओमन साहू,सोमन साहू,हेमुदास साहू,सहित अधिक संख्या में

# सहायक कलेक्टर को सौंपा गया आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा का स्वतंत्र प्रभार

**भिलाई, 2 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम. भार्गव (भा.प्र.से.) सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर भार्गव (भा.प्र.से.) को 01 से 28 जुलाई तक चार सप्ताह की अवधि के लिए आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में दशरथ सिंह राजपूत आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई 3 चरोदा के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# नवजात शिशु भ्रूण मिला

**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई अज्ञात नवजात शिशु भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कंडरका कुम्हारी में अज्ञात नवजात शिशु भ्रूण 4 से 5 माह का मिला है अज्ञात महिला द्वारा अवैध गर्भ छिपाने के कारण उसे फेंक दिया था जिसका पी.एम शासकीय अस्पताल सुपेला में कराया गया पीएम रिपोर्ट में डाक्टर ने बताया है कि अवैध गर्भपात से मौत होना पाया गया।

# नया आपराधिक कानून लागू होने पर मचांदुर पुलिस चौकी में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 2 जुलाई।** ग्राम मचांदुर में 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता में एक बड़ा बदलाव हो गया है। रात 12 बजे के बाद नया कानून लागू हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बदलाव के तहत भारतीय न्याय संहिता में कई धाराएं बदल गई है। नया कानून पर आज पुलिस चौकी मचांदुर में कार्यक्रम आयोजित कर प्रधान आरक्षक डिलवर सिंह परिहार ने विस्तृत जानकारी प्रदान की।अब इन धाराओं के तहत होगी कार्रवाई-अब तक हत्या के आरोप में 302 के तहत कार्रवाई होती थी लेकिन अब इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103, के तहत कार्रवाई होगी , ऐसे ही धोखाधड़ी करने वालों पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज होता था इसमें भी अब बदलाव किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 कर दिया गया है ,इसी तरह सामूहिक हत्या में पहले कोई धारा नहीं थी लेकिन अब मॉब लीचिंग के तहत फांसी की सजा दी सजा सकेगी।इसी तरह दुष्कर्म के लिए 376 की जगह 64 बीएस लगाई जाएगी।आईपीसी 1960 की 511 धारा थी जिन्हें अब नए कानून भारतीय न्याय संहिता में घटाकर 358 कर दिया गया है।नए कानून में कई तरह के बदलाव किए गए है।मचांदुर पुलिस चौकी में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी जानकारी दी गई। प्रधान आरक्षक डिलवर सिंह परिहार,भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल प्रवीण कुमार यदु,जनपद सदस्य लेखन साहू,कॉलेज प्राचार्य नीरजा रानी पाठक,सरपंच मचांदुर दिलीप साहू,खोपली सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा,कातरो सरपंच मंजू यदु,पाउवारा सरपंच वामन साहू,घुघसीडीह सरपंच गोवर्धन बारले, करगाडीह सरपंच घनशयाम गजपाल,राजूलाल साहू,भुनेश्वरी साहू,महेश साहू,बिट्टू साहू,शुभम सोनी,कन्हैया साहू,राजेश साहू,अरुण भारती, ईश्वरीदास मानिकपुरी,ओमन साहू,दीपक साहू,पुलिस चौकी स्टॉप से प्रधान आरक्षक दिलवर सिंह परिहार,सुरेंद्र सोने,आरक्षक चुम्मन ठाकुर,पुकेन्द्र साहू,अमित यादव,नारायण ठाकुर,सहित गण्मनायजन उपस्थित हुए।

# केबल चोरी, पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई पाटन थाना क्षेत्र किसान के खेत से केबल चोरी करने का मामला सामने आया है शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम राखी निवासी नकुल लाल ने शिकायत किया है कि रवेली खार में उसका खेत है जहां मोटर पंप के लिए सौर ऊर्जा का पैनल लगाया गया है सुबह किसान खेत में बीज डालने के लिए पहुंचा था जहां से सौर ऊर्जा से पंप तक गई केबल वायर को अज्ञात ने पार कर लिया है पाटन पुलिस ने नए कानून के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# भिलाई गोलीकांड सह आरोपी के घर चला बुलडोजर



**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई गोलीकांड के सह आरोपी अंकुर शर्मा के घर पुलिस प्रशासन ने बुलडोजर चलाया है. भिलाई नगर पुलिस और बीएसपी की अतिक्रमण शाखा टीम ने ये कार्रवाई की है. अंकुर शर्मा सेक्टर -6 एवेंयू ए स्थित बीएसपी के 12 क्वॉटर्स पर कब्जा कर किराए पर लगाकर अवैध वसूली कर रहा था भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि अवैध अतिक्रमणकारियों पर बीएसपी ने सेक्टर 6 पर बुलडोजर कार्रवाई की है. 12 अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई चल रही है. इनमें भिलाई गोलीकांड का आरोपी अंकुर शर्मा और उसका भाई अर्पित शर्मा भी शामिल है. जो भी टाउनशिप में अवैध अतिक्रमण और अवैध गतिविधि में शामिल रहेगा, उन पर कार्रवाई की जाएगी. मुख्य आरोपी अमित जोश की गिरफ्तारी जल्द हो जाएगी कौन है अंकुर शर्मा- अंकुर शर्मा, भिलाई गोलीकांड का मुख्य आरोपी अमित जोश का पार्टनर है. ग्लोब चौक में हुए गोलीकांड में अंकुर शर्मा भी शामिल था. पुलिस ने घटना के दूसरे दिन अंकुर को गिरफ्तार किया अंकुर शर्मा के खिलाफ भी कई मामलों में अपराध दर्ज है. अंकुर शर्मा भी सेक्टर - 6 के एवन्यू ए क्वॉर्टर्स में कब्जा कर रह रहा थाअमित जोश के घर 28 जून को चला था बुलडोजर- भिलाई गोलीकांड के मुख्य आरोपी अमित जोश के घर पुलिस प्रशासन और बीएसपी की अतिक्रमण शाखा ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलवाया था. अमित जोश सेक्टर 6 सड़क नंबर 31 में बीएसपी के 18 क्वॉर्टर्स पर अवैध कब्जा कर उसे किराए पर दे रखा था.इसी दिन शाम को सेक्टर 5 में अमित की बहन के घर पर भी छापेमारी की गई थी. जहां से पुलिस को लोडेड पिस्टल, चाकू और गोलियां मिली थीं. आरोपी अमित जोश के खिलाफ एक ही थाने में 24 मामले दर्ज हैं ग्रीन सिटी भिलाई में गोलीकांड - भिलाई नगर में 25 जून को सेक्टर-6 पुलिस कंट्रोल रूम से महज 50 मीटर की दूरी पर रात 1 से 2 बजे के बीच युवकों के दो गुटों में विवाद हो गया. इस विवाद के बाद एक गुट जिसमें बदमाश अमित जोश शामिल था, उसने दो युवकों पर गोली चला दी थी. पुलिस अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. मुख्य आरोपी अमित जोश अब भी फरार चल रहा है. पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# महिला हुई ब्लैकमेल की शिकार

**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र की एक 30 वर्षीय महिला सेक्सटार्शन का शिकार हो गई इंस्टाग्राम पर आरोपित से पहचान होने के बाद दोनों के बीच संबंध गहरा हो गया इसके बाद आरोपित के झांसे में आकर महिला ने उससे न्यूड वीडियो काल पर बात कर ली इस दौरान आरोपित ने वीडियो बना ली और उसके आधार पर उसे ब्लैकमेल करने लगा बदनामी से डर कर महिला ने अपनी बचत और जेवर को बेचकर आरोपित को पांच लाख रुपये ट्रांसफर भी किए लेकिन, आरोपित और रुपयों की मांग कर रहा था जिसके बाद महिला ने नंदिनी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत की पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है नंदिनी पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला की 26 जून को आरोपित से इंस्टाग्राम पर पहली बार बात हुई थी इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातें शुरू हो गई महिला का पति ड्राइवर है इसलिए वो अधिकांश घर से बाहर ही रहता है इसलिए महिला और आरोपित के बीच काफी देर तक बातें हुई और तीन दिन में ही दोनों के संबंध इतने गहरे हो गए कि 29 जून को महिला ने नहाने के बाद आपत्तिजनक स्थिति में आरोपित से वीडियो काल पर बात कर लिया ।

आरोपित ने बीडियो काल की रिकार्डिंग कर ली और उसके आधार पर महिला को ब्लैकमेल करने लगा डरकर महिला ने आरोपित के बताए खाते पर पांच लाख रुपये ट्रांसफर किए इसके बाद भी आरोपित उससे और रुपयों की मांग कर रहा था रुपये न देने पर वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देता रहा जिसके बाद महिला ने 30 जून को नंदिनी थाना में जाकर घटना की शिकायत की तीन दिन में ही आरोपित ने न्यूड काल की वीडियो रिकार्डिंग की जेवर बेचकर पांच लाख देने के बाद भी कर रहा था ब्लैकमेल।

## एक नजर

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 जुलाई तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 2 जुलाई।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 जून 2024 से 10 जुलाई 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 2 जून को रानी जोतकुंवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गौठान के पास सिंगदई में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हरदी में, 3 जुलाई को राजीव वार्ड नं. 42 व सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगनबाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास व बसंतपुर वार्ड नं. 46 के लिये सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर में एवं 4 जुलाई को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में व झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11- 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह मई 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव 2 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने विधानसभा सत्र के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं इत्यादि की जानकारी समयावधि में छत्तीसगढ़ शासन, आयुक्त भू-अभिलेष एवं आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग को प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर का कार्यालय दूरषाष क्रमांक 07744-223083 एवं मोबाईल नंबर 62668-00039 है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की षष्ठम् विधानसभा का तृतीय सत्र 22 जुलाई 2024 से 26 जुलाई 2024 तक आयोजित किया जाएगा।

### अवैध रूप से परिवहन करते हुए 25.920 बल्क लीटर मदिरा जब्त

**राजनांदगांव 2 जुलाई ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम रीवाटोला थाना छुरिया निवासी देवचंद साहू के कब्जे से ग्राम हालेकोसा मोड़ पर देशी दारू संतरी नंबर 1 महाराष्ट्र राज्य निर्मित कुल 144 नग पाव कुल मात्रा 25.920 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को आबकारी अधिनिमय के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ श्री निजाम शाह ठाकुर, श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### शिवसेना ने जलाया गौ तस्करों का पुतला



**रायपुर 2 जुलाई।** शिवसेना रायपुर जिला ईकाई के द्वारा लगातार बढ़ रही गौ तस्करी के विरोध में रायपुरा चौक में गौ तस्करों का पुतला दहन किया गया। कामगार सेना जिलाध्यक्ष संजू साहू ने बताया की प्रदेश में लगातार गौ तसकरी बढ़ रही है और ये गौ तस्कर सोशल मीडिया में भी सक्रिय है प्रदेश में सक्रिय गौ तस्करो का पुतला जला कर उन्हे समझाईश दिया गया कि तस्करी छोड़ दो तथा गौ तस्कर मुर्दाबाद के नारे के साथ पुतला जलाया गया। इस पुतला दहन में मख्यरूप से संजय सोनकर, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, अमर नायक, महावीर यादव, नरेप्द्र प्रजापति, लीलाधर यदु, सदा साहू, मोनू निर्मलकर, मुकुंद यादव, खिलश्वर देवांगन, रितेश साहू एवं अधिक संख्या में शिवसैनिक उपस्थित हुए।

### जैन समाज का चातुर्मास 20 जुलाई को प्रारंभ होगा

**रायपुर 2 जुलाई।** नगर में इस वर्ष भी जैन समाज के अनेक चातुर्मास हो रहे है, फलस्वरूप जैन संतों एवं साध्वियों के आगमन भी प्रारंभ हो चुके हैं। उक्त जानकारी देते हुये सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा ने बताया इसे वर्ष चातुर्मास बीस जुलाई से प्रारंभ हो रहे हैं।

### 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल', 'आरई 100' में शामिल हुई

**रायपुर 2 जुलाई।** भारत की अग्रणी डेटा सेंटर कंपनियों में से एक, 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल', 'आरई100' पहल में शामिल हो गई है - जो कार्बन डिस्क्लोज़र प्रोजेक्ट (सीडीपी) के साथ साझेदारी में क्लाइमेट ग्रुप के नेतृत्व वाली एक प्रमुख वैश्विक पहल है – और इसने बिजली की 100त्न आपूर्ति नवीकरणीय स्त्रोतों से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसके साथ, नेक्स्ट्रा भारत का एकमात्र डेटा सेंटर संगठन बन गया है, जिसने 'आरई100' के समक्ष पर्यावरणीय सस्टेनिबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और 2031 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में नेट-जीरो बनने का लक्ष्य प्राप्त करने का वचन दिया, और 'आरई100' को ऐसा वचन देने वाली 14वीं भारतीय कंपनी बनने की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपने कार्य संचालनों में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाए जाने में काफी वृद्धि की है और अब तक 422,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अनुबंध किया है।

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की

## बच्चों ने राज्य स्तरीय इन्सपायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक मॉडल को किया प्रदर्शित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में दो दिवसीय राज्य स्तरीय इन्सपायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2022-23 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम परिसर में इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2022-23 का अवलोकन किया और सराहना की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2022-23 राजनांदगांव जिले में आयोजित हो रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 28 जिलों से 216 प्रतिभागी तथा मार्गदर्शक शिक्षक अपने प्रादर्शों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों का स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय इन्सपायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों ने बहुत खुबसूरत मॉडल बनाया है। बाल वैज्ञानिकों ने समाज की समस्याओं को देखकर उसका समाधान निकालने की कोशिश की है। उन्होंने जो पढ़ा है उसे प्रेक्टिकल के रूप में प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों ने बहुत अच्छा मॉडल बनाया है, मॉडल देखकर चयनित करना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का मॉडल चयन नहीं होता है उन बच्चों को निराश होने की जरूरत नहीं है। उनको और बेहतर करने की कोशिश करना है। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत शासन, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन फाउंडेशन के मार्गदर्शन में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। यह बाल वैज्ञानिकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर एवं प्लेटफार्म है। उन्होंने सभी बाल वैज्ञानिकों को शिक्षकों से मार्गदर्शन सतत मिलने की बात कही। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी इस प्रदर्शनी से बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे, क्योंकि जो जितना अभाव में होता है उसके दिमाग में उतनी ही नवप्रवर्तन विचार विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों से अधिकांश बच्चे प्रतिभागियों के रूप में सम्मिलित हुए है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा कृषि कार्य को आसान करने के लिए बहुत अच्छे-अच्छे मॉडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक नीति आयोग की एक योजना है जिसमें कक्षा 6वीं से कक्षा 10वीं तक के छात्र-छात्राएं अपने आइडिया इंस्पायर पोर्टल में अपलोड करते हैं। जिन प्रतिभागियों के आइडिया चयनित होते है उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत शासन द्वारा 10 हजार रूपए का अवार्ड दिया जाता है, जिससे प्रतिभागी अपने आइडिया को प्रोटोटाईप रूप में बनाकर प्रतियोगिता में प्रदर्शित करते हैं।

# सभी थाना-चौकी में नये कानून के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 जुलाई।** भारत सरकार द्वारा तीन नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज दिनांक 01.07.2024 से लागू हो गया है। तीनों नवीन कानून की जानकारी एवं उसके क्रियांनवयन के संबंध में जन सामान्य नागरिकों को जानकारी देने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदशन में जिले के सभी थाना/चौकी में जागरूकता अभियान चलाया गया जिमें थाना/चौकी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आसपास के लोगों को थाना/चौकी में आमंत्रित कर तीनों नवीन कानूनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई साथ की नवीन कानून के क्रियांनवयन में पुलिस की भूमिका एवं कार्यप्रणाली के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में नए कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार, साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोखाधड़ी जैसे नए प्रकार के अपराध के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक बताया गया साथ ही बताया गया कि इन नई संहिताओं को आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों को बताया गया कि नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पहली बार जीरो एफआईआर की शुरुआत होगी। अपराध कहीं भी हुआ हो उसे अपने थाना क्षेत्र के बाहर भी रजिस्टर किया जा सकेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिसमे मौजूदा कानूनी ढांचे को अधिक संक्षिप्त और सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे आम नागरिक इसे आसानी से समझ सकें। जांच प्रक्रियाओं और न्यायिक कार्यवाही में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और डिजिटल सबूतों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है साथ ही आरोपी और पीड़ित दोनों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं। उक्त कार्यक्रम में नवीन आपराधिक कानूनों में जोड़े गए नई धाराओं, पुराने कानून से हटाई गई धाराओ एवं आवश्यक परिवर्तनो की विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया।

# अवैध नशीले पदार्थ गांजा एवं शराब तस्करी व बिक्री पर रोक लगाने पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 2 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत दिनांक 30.06.2024 को मुखबीर सूचना पर थाना बसंतपुर एवं साइबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम गौरव पथ मार्ग पानीटंकी के पास घेराबंदी कर ईको वाहन क्रमांक सी.जी.-04-एन.एफ.-2720 को रोक कर तलाशी ली गई जिसमें आरोपी (1) आकाश निहाल पिता दर्पन निहाल, उम्र 32 साल एवं (2) जितेन्द्र सिंह राजपूत पिता श्याम सिह राजपूत, उम्र 32 साल दोनों निवासी गुढ़ियारी रायपुर के कब्जे से 8.390 किलोग्राम अवैध गांजा कीमती 42,000/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ईको वेन कीमती 4,00,000/- रूपये कुल 4,42,000/- रूपये का माल एवं वाहन दोनों आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया। इसी प्रकार नशीले पदार्थ अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने हेतु जिलेभर में अभियान चलाकर दिनांक 29.06.2024 एवं 30.06.2024 को दो दिनों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 04 प्रकरण में 83 पौवा देशी शराब कीमती 7470/- एवं बिक्री रकम 640/-, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2) के 02 प्रकरण में 79 पौवा देशी शराब कीमती 7110/-, 34(1) के 01 प्रकरण में 19 पौवा देशी शराब कीमती 1710/- एवं बिक्री रकम 450/- रूपये, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 17 पौवा देशी शराब कीमती 1530/-, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(1) के 03 प्रकरण में 35 पौवा देशी शराब कीमती 3670/- एवं बिक्री रकम 610/-, थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(1) के 03 प्रकरण में 27 पौवा देशी शराब कीमती 3430/-, 10 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 1200/- एवं बिक्री रकम 540/-, महुआ शराब 4 लीटर कीमती 600/- रूपये और 36(च) का 01 प्रकरण, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 43 पौवा देशी शराब कीमती 4050/- और 34(1) का 01 प्रकरण में 17 पौवा देशी शराब कीमती 1530/- एवं बिक्री रकम 200/- ,ओपी मोहारा पुलिस द्वारा 34(1) के 03 प्रकरण में 38 पौवा देशी शराब कीमती 4020/- एवं 03 लीटर कच्ची महुआ कीमती 600/-, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 34(2) का 01 प्रकरण में 41 पौवा देशी शराब कीमती 3690/-, ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620/-, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 36(च) का 02 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध किये गय।

### डाक्टर्स डे के अवसर पर ब्रह्म कुमारी बहनों ने डॉक्टरों का किया सम्मान

**नगरी/बेलरगांव 2 जुलाई।** दुनिया भर में डाक्टरों को भगवान के बाद दूसरा दर्जा दिया जाता है, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि वे जीवन रक्षक होते हैं जो मानवता के लिए स्वाभाविक परिश्रम करते हैं,सभी डॉक्टरों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाए, इस अवसर पर ब्रह्म कुमारी दीपिका बहन, परमेश्वरी बहन कुलेश्वरी बहन ने डॉ एस.के नाग,डॉक्टर डी.के नाग, डॉक्टर ए.एन देवांगन, डॉक्टर अर्चना देवांगन, डॉक्टर राजवाड़े, को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया,इस दौरान ब्रम्हाकुमारी बहनों ने कहा कि आप हमारे हीरो हैं, जिन पर हम हमेशा भरोसा कर सकते हैं, चाहे परिस्थिति कोई भी हो। अपने मरीजों के जीवन में बदलाव लाने आप लोगों की दयालुता और समर्पण को अनदेखा नहीं किया जा सकता। आप लोंगो की निस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त करने का समय है।



## समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्रों की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**राजनांदगांव 2 जुलाई ।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान जोन-9 जबलपुर एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 81 कृषि विज्ञान केन्द्रों की तीन दिवसीय 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में किया गया। कार्यशाला में विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा लगाई गई कृषि प्रदर्शनी के लिए छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढिया मशरूम उत्पादक एवं हिन्दुस्तान किसान उत्पादक संघ अर्जुनी के उत्पादों का स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया गया था। जिसके लिए उत्कृष्ट प्रदर्शनी स्टॉल लगाने के लिए राजनांदगांव के स्टॉल को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं विभिन्न संस्थानों के निदेशक, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के निदेशक विस्तार सेवाएं तथा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के अंतर्गत कार्यरत 81 कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख व वैज्ञानिक शामिल हुए। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के विगत वर्ष किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला में केन्द्र से वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री आशीष गौरव शुक्ला एवं कार्यक्रम सहायक श्री जितेन्द्र कुमार मेश्राम की सहभागिता रही। कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर के निदेशक द्वारा विभिन्न फसलों पर खरपतवार नियंत्रण के बारे में बताया गया।

### कमजोर वर्ग के बच्चों का निःशुल्क प्रवेश कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**राजनांदगांव 2 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय निश्शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी निजी विद्यालयों के 25 प्रतिशत सीटों पर शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का निश्शुल्क प्रवेश कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी विद्यालयों को विद्यालय के आस-पास अथवा बसाहट के बच्चों को अधिनियम के तहत प्रवेश देने कहा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं हेतु 1 किलोमीटर की परिधि एवं माध्यमिक शालाओं हेतु 3 किलोमीटर की परिधि निर्धारित है। किसी निजी विद्यालयों के 1-3 किलोमीटर के परिधि में कोई बसाहट नहीं होने पर उनका निर्धारण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जाएगा। वंचित समूह अंतर्गत अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग एवं वनभूमि पट्टाधारक परिवार के बालक-बालिका तथा कमजोर वर्ग अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार, 40 प्रतिशत दिव्यांग एवं एचआईवी पॉजिटीव बालक-बालिका या पालक और अंत्योदय कार्ड धारक परिवार के बालक-बालिका को प्रवेश दिया जाएगा। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्राथमिक कक्षा से कक्षा 8वीं तक निश्शुल्क अध्ययन का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इसके पश्चात अध्ययन निरंतरता का प्रावधान रखा गया है, जिसमें कक्षा 8वीं के पश्चात् कक्षा 9वीं से 12वीं तक भी निश्शुल्क अध्ययन की व्यवस्था है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि निजी विद्यालय में प्रवेश के समय बच्चों की आयु के सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने पर अस्पताल या सहायक नर्स और रजिस्टर अभिलेख, आंगनबाड़ी अभिलेख, माता-पिता या संरक्षण द्वारा बालक की आयु की शपथ पत्र द्वारा घोषणा प्रस्तुत किया जा सकता है।

# डॉ. रमाकान्त शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर बिदाई दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 जुलाई।** डॉ. रमाकान्त शर्मा भूतपूर्व प्रभारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा 30 जून 2024 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने की स्थिति में माह जून 2024 के अंतिम कार्य दिवस 28 जून 2024 को कार्यालय जिला आयुष अधिकारी, राजनांदगांव के सभाकक्ष में डॉ. रमाकान्त शर्मा का बिदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा पाण्डेय, कार्यालयीन स्टॉफ सहित समस्त आयुष अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के अवसर पर अधिकांश अधिकारी / कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार व अनुभव व्यक्त किये। डॉ. रमाकान्त शर्मा द्वारा लगभग अपनी 39 वर्ष 03 माह की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते हुये अपना विचार व्यक्त किये कि उनके द्वारा इतने लम्बे सेवाकाल के दौरान आने वाली कठिनाईयों को सजगता से निर्वहन किया गया। चिकित्सक के रूप में किया गया डॉ. शर्मा का कार्य उल्लेखनीय व सफलतम रहा। शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलगांव में पदस्थ रहने के दौरान शासन द्वारा ग्राम बेलगांव को आयुर्वेद ग्राम का प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रभारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी पद पर रहने के दौरान डॉ. शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप संभाग में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पदुमतरा को प्रथम पुरुस्कार एवं स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर डोंगरगढ़ एवं आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर विचारपुर को द्वितीय पुरस्कार शासन द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. शर्मा द्वारा बताया गया कि अपने कार्यकाल के दौरान मातहत सभी अधिकारी / कर्मचारियों के प्रति समान व्यवहार व नीतियों के तहत व एक टीम वर्क तैयार कर शासकीय कार्यों एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का कुशल संचालन व संपादन कराया गया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर डॉ. शर्मा ने उन सभी अधिकारी / कर्मचारियों को, जिन्होंने प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उन्हें कार्यों में सहयोग व सम्बल प्रदान किया गया, उनके लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई। डॉ. शर्मा ने अंत में कहा कि सेवानिवृत्ति पश्चात विभाग से बिदा ले रहा हूँ, मेरे सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान आयुष विभाग के सभी अधिकारी / कर्मचारियों ने हर कदम पर साथ दिया, जिसके कारण भी मैं उच्च मानको को प्राप्त कर सका हूँ। आप सभी सहयोग एवं दिये गये सम्मान का आभारी हूँ।

# महापौर परिषद ने दी दुकान आबंटन की स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 जुलाई।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने एवं वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेका पद्धति से श्रमिक रखने निविदा आमंत्रित करने तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत दुकान आबंटित करने की स्वीकृति दी गयी। साथ ही सफाई ठेका के लिये आहुत निविदा निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण की स्वीकृति सहित नगर निगम के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही मवेशी बाजार नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति प्रदान की गयी तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, जल, मोटर, विद्युत एवं लोककर्म विभाग में ठेका पद्धति के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों को पुनः रखे जाने प्रशासकीय वित्तीय एवं निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा ठेका वार्डो में इस वित्तीय वर्ष के लिये आहुत निविदा में परिषद की बिना अनुमोदन के श्रमिकों की संख्या में हेर फेर के कारण निविदा निरस्त कर पुनः निविदा जारी करने का निर्णय लिया गया। महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि इसी प्रकार मोतीपुर खेल मैदान स्थित व्यवसायिक परिसर की 18 दुकानों की उच्चतम बोली की स्वीकृति, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित पुराना ढाबा के सामने 10 दुकाने तथा नया ढाबा में निर्मित 8 दुकाने विधिवत आबंटन की स्वीकृति दी गयी। साथ ही निगम के सुचारू काम काज के लिये 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 02 नग बैक हो लोडर क्रय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी, वही मोहारा स्थित 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट क्लीयर वाटर पंपिंग हेतु टरबाईन मोटर पंप क्रय किये जाने दी गयी स्वीकृति की पुष्टि की गयी। महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि रानीसागर के नीचे निगम द्वारा निर्मित बर्ड डे पार्क को सुव्यवस्थित रखने पक्षी दाना घर (चुग्गा घर) विकसित करने उदयाचाल धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र को विधिवत दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही पत्रकारों के लिये आबांटित आवासी भूखण्ड में द्वितीय चरण के विकास कार्य अंतर्गत रोड, नाली, बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य के लिये आमंत्रित निविदा में प्राप्त दर की स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा आंगनबाडी केन्द्रों में साहिकाओं के रिक्त पत्र हेतु आवेदन आमांत्रण की स्वीकृति तथा गोल बाजार में हाईटेक शौचालय निर्माण हेतु पुराने जर्जर शौचालय को तोडने की अनुमति प्रदान की गयी। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, विनय झा, भागचंद साहू,,श्रीमती दुलारी बाई साहू,गणेश पवार, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता चंपू,श्रीमती बैनाबाई टुरहाटे, आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित उपायुक्त श्री मोबिन अली, स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, समाज कल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, लेखापाल श्री शैलेष पाण्डे व श्री पंकज साहू, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

# भारत ने 17 साल बाद जीता दूसरा विश्वकप

आईसीसी टी-20 विश्कप भारत ने 17 साल बाद जीत लिया है। भारत ने द.अफ्रीकाको एक रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हराकर दूसरा टी-20वॉ विश्वकप जीता है। इससे पहले धोनी की कप्तानी में भाहर ने पहला विश्वकप जीता था। इसके बाद से भारत वन डे का विश्वकप जीता था और उसके बाद से भारत विश्वकप भाग जरूर लेता था लेकिन कप नहीं जीत पाता था तो देश के लोगों को बड़ी निराशा होती थी कि हमारा देश विश्व कप क्यों हीं जीतता है। इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में कप जीतकर वह इंतजार खत्म कर दिया और देश के लोगो को जश्न मनाने का मौका दिया। शनिवार की रात लोगों के लिए जश्न की रात रही। देश के ज्यादातर शहरों में लोगों ने भारत के विश्वकप जीतने का जश्न मनाया। जश्र मानाने वालों में बच्चे,युवा, बुजुर्ग सब थे। सब भारती की जीत पर झूम रहे थे।यह एक ऐतिहासिक मौका था क्योंकि यह भारत की जीत थी। पूरे देश के लोगों को इस पर गर्व था, यह गौरव का क्षण सालों के इंतजार के बाद आया था इसलिए रह कोई इस गौरव के क्षण के जी लेना चाहता था। यह वही वक्त होता है जब देश सही मायने में एक होता है और एक दिखता है। राज्य,भाषा, जाति, धर्म सब कल कुछ देर के लिए लोग भूल गए थे, उन्हें बस यही याद था कि वह भारतीय है और भारत ने विश्पकप जीता है। यह हमारी जीत है। इस जीत के लिए रोहित शर्मा को देश के लोगों ने बधाई दी है। इस विश्वकप में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत के खिलाडियों ने यादगार प्रदर्शन किया है। चैपियंन की तरह खेला है और चैंपियन की तरहज जीत हासिल की है। हर भारतीय केलिए यह खुशी का बात है कि भारत ने एक भी मैच नहीं हारा और विश्वकप जीता।इस मैच में भारत की जीत से 1983 में जीते विश्वकप की याद ताजा हो गई। इसी मेच की तरह उस विश्वकप के फाइनल में भी भारत ने इसी तरह पहले बल्लेबाजी कर कम स्कोर बनाया था और उस समय की सबसे मजबूत टीम को हराया भी था। उस वक्त कोई कल्पना नहीं करता था कि भारत वेस्टइंडीज को हरा सकता था। भारत ने तब नामुमकिन को मुमकिन किया था। इस बार भी भारत ने टी-20 विश्वकप में एक तरह से नामुमकिन को मुमकिन किया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी कर १७६ रन बनाए। द.अफ्रीका जैसी टीम के लि यह कोई मुश्किल लक्ष्य नहीं था। सब यही मान रहे थे कि भारत यह मैत पिछले विश्व कप की तहह फाइनल में हार जाएगा। बल्लेबाजी में कई खिलाडियों ने निराश किया। लेकिन विराट कोहली ने 76 रन बनाकर फिर साबित किया कि वह देश के महान खिलाड़ी क्यों हैं। उनका अच्छा साथ अक्षर पटेल ने दिया वह अर्धशतर ननीं बना सके लेकिन उह्नोने भी ऐदिहासिक पारी खेली। दोनों की बदौलत ही भातर 176 रन बना सका। इसके बाद गेंदबाजों की पारी थी मैच को जिताने की और भारत के गैंदबाजों ने देश को निराश नहीं किया। जब उनकों विकेट लेना था , तब विकेट लेकर दिखाया कि हम भी कम नहीं है। हम भी मैचे जिता सकते हैं। भारतीय गैंदबाजों की असली परीक्षा तो आखिरी के तीन ओवर हुई। इन्हीं तीन ओवर फैसला होना था कि चैपियन कौन होगा।भारत के गेंदबाज भारी पड़े और तीन ओरवर में ऐसा गेंदबाजी की कि द.अफ्रीका के बल्लेबाज एक चौका व छक्का नहीं मार सके।इसके लिए अशर्दीप,बुमराह व हार्दिक पांडया की जितना तारीफ की जाए कम है। आखिरी ओवर में मैच जिताने की जिम्मेदारी पांडया की थी और उसने देस को जिताया तो पूरा दशे झूम उठा। देश के हर गली, मोहल्लों, चौक चौराहों पर आतिशबाजी शुरू हो गई। देर रात तक भारत की जीत का जश्न मनाया गया। जीत के इस माहौल मे देश के महान खिलाडी विरोट कोहली व रोहित शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से संन्याया लेने की घोषणा की । यह सही वक्त था दोनों के लिए संन्यास लेने का। बहुत कम खिलाडियों को संन्यास लेने का ऐसा मौका मिलता था। विराट कोहली को उनकी महान पारियों के लिए याद किया जाएगा तो रोहित शर्मा को उनकी कूल कूल कप्तानी के लिए याद किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस विशेष

# प्लास्टिक खाकर जानलेवा बीमारियों से जल्द मर रहे

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



पृथ्वी पर मानव ने अपनी सुविधा के लिए नवनवीन आविष्कार किये, परंतु जरूरत से ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हुआ, आज अपने सुख के लिए मानव प्रकृति के साथ खिलवाड़ करके पृथ्वी को नष्ट करने पर तुला है, जबकि पृथ्वी पर मानव अस्तित्व के साथ ही सम्पूर्ण जीवसृष्टि के लिए भी धोखा निर्माण हो गया है, तेजी से बदलता जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित कारणों का नतीजा है। अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूटह्व की रिपोर्ट ने बताया कि 2021 में 81 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौत के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है, मौतों का यह आंकडा बहुत ही ज्यादा है। वायु प्रदूषण के साथ ही जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ई-कचरा, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, घातक रसायनों का प्रयोग, लाखों लोगों को हर साल घातक बीमारियों से जकड़कर असमायिक मौत दे रहे हैं। प्रदुषण से पशु-पक्षी, वन्यजीव, समुद्रजीव तेजी से खत्म हो रहे हैं। पृथ्वी पर प्लास्टिक प्रदूषण इस तरह से बढ़ा है कि अगर आज पूरे विश्व में प्लास्टिक बंदी हो जाए तो भी हजार साल उसका अस्तित्व वातावरण में नजर आयेगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि आज के वर्तमान युग में हम रोज प्लास्टिक खा रहे हैं, पी रहे हैं और प्लास्टिक मिश्रित ऑक्सीजन ले रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, हर साल प्रति व्यक्ति संभावित रूप से 11,845 से 193,200 माइक्रोप्लास्टिक्स ग्रहण करता है, जो 7.7 ग्राम से 287 ग्राम प्रति व्यक्ति के बीच होता है, इसका सबसे बड़ा जरिया हमारा पीने का पानी है।

क्रिश्चियन चैरिटी समूह टियरफंड द्वारा किए गए शोध से पता चला है कि विकासशील देशों में हर 30 सेकंड में एक मौत के लिए प्लास्टिक कचरा जिम्मेदार है। शोधकताओं ने पाया कि हर साल चार लाख से दस लाख लोग कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे के संपर्क में रहने के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारियों से मरते हैं। प्लास्टिक कचरे से हर साल 100 मिलियन समुद्री जीव मरते हैं, हर साल 100,000 समुद्री जीव प्लास्टिक में उलझने से जान गवांते है। गर्म खाद्य पदार्थों के लिए प्लास्टिक का प्रयोग जहर जैसा है क्योंकि जैसे ही प्लास्टिक का गर्म खाद्यपदार्थों से संपर्क होता है, तो प्लास्टिक अपने जहरीले रसायनों को छोड़ता है, जो खाद्यपदार्थों में मिलता है और उस खाद्य पदार्थों को खाकर इंसान जानलेवा बीमारियों का शिकार होता है, इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण के द्वारा मौतों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्लास्टिक में मौजूद जहरीले रसायन मानव शरीर में हार्मोन गतिविधि को बदल सकते हैं, प्लास्टिक में मौजूद विघटनकारी रसायन बांझपन, मोटापा, मधुमेह, प्रोस्टेट या स्तन कैंसर, थायरॉयड समस्याओं, हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक की थैलियों को फोटोडिग्रेड होने में लगभग 300 साल और कुछ प्लास्टिक को हजार साल तक लग जाते हैं। वे छोटे-छोटे जहरीले कणों में टूट जाते हैं जो मिट्टी और जलमार्गों को प्रदूषित करते हैं और जब जानवर, पशुपक्षी या समुद्रीजीव गलती से ये प्लास्टिक खा लेते हैं, तो वे खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं। प्लास्टिक को जलाने से उन्हें खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि जलाने पर वे वायुमंडल में जहरीली गैसें छोड़ते हैं जो वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं। हर साल ३ जुलाई को दुनियाभर में जनजागृति के लिए ₹अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस₹ मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम ₹व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को प्लास्टिक के अन्य स्थायी विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें₹ यह है, प्लास्टिक के उपयोग और अपशिष्ट को कम करने के लिए नीतिगत परिवर्तनों और प्रणालीगत समाधानों पर जोर दें। प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बने होते हैं, प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते हैं, प्लास्टिक उत्पादन के दौरान जहरीले रसायन निकलते हैं। साल 2050 तक महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक कचरा अधिक होगा। हर साल दुनिया भर में करीब 500 बिलियन प्लास्टिक बैग इस्तेमाल किए जाते हैं, यह बहुत ज्यादा बैग हैं। दुनिया भर में हर सेकंड 160,000 प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है, जिनका जीवनकाल लगभग 12 से 25 मिनट है। दुनिया भर में हर मिनट लगभग दस लाख प्लास्टिक पेय की बोतलें बेची जाती हैं, प्यू चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्ययन 2022 अनुसार, हर साल 11 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक समुद्र में प्रवेश करता है, जो पानी में मिलकर खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। ईए की रिपोर्ट के अनुसार, भारत एमडब्ल्यूआई में चौथे स्थान पर है, जहां 98.55 प्रतिशत उत्पन्न कचरे का कुप्रबंधन किया जाता है। भारत में प्लास्टिक कचरे का उत्पादन पिछले पांच वर्षों में चार गुना हो गया है। सरकार का कहना है कि देश का 60% प्लास्टिक कचरा रिसाइकिल किया जाता है, जबकि सीपीसीबी डेटा पर आधारित सीएसई डेटा के मुताबिक, भारत अपने प्लास्टिक कचरे का केवल 12% ही रिसाइकल कर पाता है। भारत देश में एकल उपयोग प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबंध है, बहुत बार प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड एवं महानगर पालिका या नगर निगम द्वारा दुकानों, कारखानों पर छापा मारकर प्लास्टिक थैलियों का अवैध माल जप्त किया जाता है। परंतु हम सभी जानते है कि पाबंदी के बावजूद बड़ी मात्रा में प्लास्टिक थैलियों का अवैध व्यापार और उपयोग धड़ल्ले से जारी है। दुकानदार के मना करने के बावजूद ग्राहक भी प्लास्टिक थैलियों की मांग करते है, ऐसे लोगों की बेवकूफी का खामियाजा अन्य लोगों और पर्यावरण को भुगतना पड़ता है, जिससे मासूमों जीवों की जान भी चली जाती है। बहुत बार हमें रास्ते, दुकान, स्ट्रीट वेंडर्स किराना दुकान, होटल, सब्जी भाजी फल वाले, खाद्यपदार्थ विक्रेता, छोटे-मोटे दुकानदार की तरफ बैन प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल नजर आता है। थैलियां इस्तेमाल हो रही है मतलब, ऐसी अवैध प्लास्टिक थैलियों का उत्पाद शुरू है। पृथ्वी पर मानव अस्तित्व और जीवसृष्टी को बचाना है तो, प्लास्टिक का इस्तेमाल तुरंत बंद करना होगा, प्लास्टिक के अन्य पर्याय का अनुकरण करके पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। लोग प्लास्टिक का अधिक उपयोग करने के आदी हो गये हैं। आलस और स्वार्थवृत्ति छोड़कर कपड़े या कागज की थैलियों का उपयोग करें, पैसे से ज्यादा प्रकृति को प्राधान्य दें। कानून और सरकारी नीति नियमों का पालन करें। कचरा निर्मित न हो या कम हो इसका ध्यान रखें। हर वस्तु के पुनर्चक्रण के बारे में सोचें। प्लास्टिक पैक खाद्य उत्पादों को खरीदने से बचें। एकल उपयोग वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक मना करें। बाहर प्लास्टिक पानी की बोतल खरीदने के बजाय घर से स्टील की बोतल लेकर निकलें। आज से 20-25 साल पहले जब खाद्य पैकेज का ट्रेंड नहीं था, किराना दुकान में खाद्य तेल खरीदने के लिए घर से केतली बर्तन लेकर जाते थे क्योंकि तब तेल के पैकेट नहीं आते थे, किराना सामान समाचार पत्रों की रद्दी के कागज में बांधकर देते थे क्योंकि तब प्लास्टिक की थैलियों नहीं मिलती थी। दूध कांच की बोतल में या घर के किसी बर्तन में लेकर आते थे। एक बात हमेशा याद रखो कि ढूंढने से सौ बहाने मिलेंगे लेकिन मेहनत से हर बात संभव होती है। 2008 में, छोटा सा गरीब देश रवांडा दुनिया के उन पहले देशों में से एक बन गया, जिसने सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग और बोतलों पर प्रतिबंध लगा दिया, इस देश में प्लास्टिक की वस्तु के साथ पकड़े जाने पर छह महीने जेल की सजा है। सिक्किम, जो 1998 में डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला भारतीय राज्य बना, 2016 में, सिक्किम ने दो बड़े फैसले लिए, इसने सरकारी कार्यालयों और सरकारी कार्यक्रमों में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। केरल के कन्नूर में 25 लाख से ज्यादा लोगों ने प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद कर दिया, ताकि यह दक्षिण भारत का पहला प्लास्टिक-मुक्त ज़िला बन सके। एक साल के भीतर, कन्नूर जिले में 40 लाख प्लास्टिक कैरी बैग कम हो गए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के दूरदराज के गांव सादिवाड़ा में, ग्राम पंचायत के मुखिया ने पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक-मुक्त कहलाने वाला पहला गांव बनाने की एक अनूठी पहल शुरू की। असम के एक मॉडल स्कूल में छात्रों को स्कूल फीस के तौर पर हर सप्ताह 25 प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र करके लाना होता है, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहें। मेघालय के मावलिननॉन्ग गांव के पास स्थित दावकी झील को 2003 में एशिया का सबसे स्वच्छ गांव घोषित किया गया था। स्वच्छता के प्रति बेहद जागरूक ग्रामीणों ने प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनवरी 2020 में केरल के कुमारकोम पहला प्लास्टिक-मुक्त पर्यटन स्थल बन गया। प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने के लिए पहल हम सबको मिलकर करनी होगी ताकि आनेवाली पीढ़ी के लिए यह जीवसृष्टि स्वच्छ हरीभरी बनी रहें।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगी। आज आपके चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना है। आज आप उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहेंगे। आज अपनी कोई पर्सनल बात किसी के साथ डिस्कस करने से बचें। व्यापार में आपको अपने सहयोगियों की हेल्प मिलेगी ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और कुशलता से अपने कार्यों को करने की जरुरत है। वर्तमान समय में आपने जो नई नीतियां बनाई है, उनसे आपको काफी लाभ मिलने वाला है। इस समय बीमा अथवा निवेश संबंधी कोई प्लान कर रहे हैं, तो वह आपके लिए शुभ फलदायी रहेगी। आज किसी काम में बड़ो की सलाह मिलेगी, जिससे आपको लाभ मिलेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में कोई धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्ने मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से किया गये काम में आपको सफलता मिलेगी। आज के दिन आप दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे। टेक्सटाइल का काम करने वालों को आज अच्छा लाभ होगा। लवमेट आज कहीं घूमने जाएंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। पहले से चल रही किसी समस्या से राहत मिल सकती है। आज आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को करेंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। प्रयास करने पर कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगा। इस राशि की महिलाये अपना बिजनेस स्टार्ट कर सकती है। जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें, सोच समझकर ही अपने काम करें।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। आज आपको आलस करने से बचना चाहिए। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने कार्यों को पूरा करने में लगे रहेंगे। इससे बॉस आपसे प्रसन्न होगे। आज घर में सुख-शांति भरा माहौल रहेगा। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर विश्वास करने से बचें। माता जी आपसे कुछ फरमाईस कर सकती है जिसको पूरा करने पर वह खुश होंगी। आज आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहने वाला है।

कन्या राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाएं बनेगी। अगर कोई कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा। छात्रो को किसी प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम अनुकूल मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपका किसी इंटरव्यू में सलेक्शन होगा अच्छी जॉब मिलेगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी, लोग आपको बधाई देंगे। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा। अगर सरकारी अथवा कोर्ट के संबंधी कोई मामला फंसा हुआ है तो आज उसमें सफलता मिलने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके कार्य सफल होंगे। आप अपने दोस्तों के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनायेंगे। शिक्षकों की मेहनत और लगन को देखकर लोगों के बीच सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बनायेंगे। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज भाई-बहन के बीच चल रही अनबन खत्म हो जाएगी, आपसी रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप बच्चों के साथ अपना समय बिताएंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। आज आपके आपकी कार्यकुशलता और योग्यता की सराहना होगी। आज अपने करियर और पढ़ाई को लेकर सजग रहेंगे। रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों का रुझान बढ़ेगा। इस राशि के जो लोग प्राइवेट जॉब करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है, पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं।

मकर राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। युवाओं को अपनी नौकरी से संबंधित किसी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कोई कीमती उपहार भी मिल सकता है। स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी आज दूर होगी आप एनर्जेटिक रहेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है, जीवनसाथी से उपहार मिलेगा। लवमेट आज कहीं घूमने जाएंगे। छात्र आज कम्प्यूटर सीखने का मन बनाएंगे।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपका कार्य करने का और सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा।इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज किसी मनचाहे प्रोजेक्ट पर कार्य करने का मौका मिलेगा। आपके बेटे का अच्छी जगह चयन होने से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ा कार्य आगे बढ़ेगा। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा, एक-दूसरे को बेहतर समझेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा। आज घर के लोगों के साथ किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार विमर्श करेंगे। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी करीबी रिश्तेदार से मिलने का अवसर मिलेगा। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी।

व्यंग्य

# चारपाई महिमा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

भातीय घों में चारपाई को ड्राइंगरूम, सोने का कमरा, गुसुलखाना, क़ि ला, खानक़ाह, खेमा, दवाखाना, संदूक़, किताब-घर, शिफाखाना, सबकी हैसियत कभी-कभी बेवक्त वर्ना वक़्त पर पता चलती है। कोई मेहमान आया। चारपाई निकाली गई। उसपर एक नई दरी बिछा दी गई जिसके तह के निशान ऐसे मा'लूम होंगे जैसे किसी छोटी सी आराजी को मेंडों और नालियों से बहुत से मालिकों में बांट दिया गया है और मेहमान साहब अचकन, टोपी, बैग बुग़ची के बैठ गए और थोड़ी देर के लिए ये मा'लूम करना दुशवार हो गया कि मेहमान बेवक़ूफ है या मेजबान बदनसीब! चारपाई ही पर उनका मुंह हाथ धुलवाया और खाना खिलाया जाएगा और उसी चारपाई पर ये सो रहेंगे। सो जाने के बाद उनपर से मच्छर मक्खी इस तरह उड़ाई जाएगी जैसे कोई फेरी वाला अपने ख़्वांचा पर से झाड़ूनुमा मोरछल से मक्खियाँ उड़ा रहा हो। चारपाई पर सूखने के लिए अनाज फैलाया जाएगा। जिसपर तमाम दिन चिड़ियाँ हमले करती, दाने चुगती और गालियां सुनती रहेंगी। कोई तक़रीब हुई तो बड़े पैमाने पर चारपाई पर आलू छीले जाएंगे। मुलाजिमत में पेंशन के क़रीब होते हैं तो जो कुछ रुख़्सत-ए-जमा हुई रहती है उसको लेकर मुलाजिमत से सुबुकदोश हो जाते हैं। इस तरह चारपाई पेंशन के क़रीब पहुंची है तो उसको किसी काल कोठरी में दाखिल कर देते हैं और उसपर साल भर का प्याज का जखीरा जमा कर दिया जाता था। एक दफा देहात के एक मेजबान ने प्याज हटाकर उस खाकसार को ऐसी ही एक पेंशन याफ़्ता चारपाई पर उसी काल कोठरी में बिछा दिया था और प्याज को चारपाई के नीचे इकठ्ठा कर दिया गया था। उस रात को मुझपर आसमान के उतने ही तबक़ रौशन हो गए थे जितनी सारी प्याजों में छिलके थे और यक़ीनन चौदह से ज़्यादा थे। फिराक़ और विसाल, बीमारी-व-तंदुरुस्ती, तस्नीफ-व-तालीफ, सिर्क़ा और शायरी सबसे चारपाई ही पर निपटते हैं। बच्चे बूढ़े और मरीज उसको बतौर पाखाना-ए-गुसुलखाना काम में लाते हैं। कभी



अदवान कुशादा करदी गई। कभी बुना हुआ हिस्सा काट दिया गया और काम बन गया। पुख़्ता फर्श पर घसीटिए तो मा'लूम हो कोई मिल्ट्री टैंक मुहिम पर जा रहा है या बिजली का तड़ाक़ा हो रहा है, खटमलों से निजात पाने के लिए जो तरकीबें की जाती हैं और जिस-जिस आसन में चारपाई नजर आती है या जो सुलूक उसके साथ रवा रखा जाता है उनपर ग़ौर कर लीजिए तो ऐसा मा'लूम होता है जैसे हिंदोस्तानी बीवी का परिचय हिंदोस्तानियों ने चारपाई ही से लिया है!

विशेष

# चिकित्सकों को कलम और कैमरों का शिकार न बनाएं

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



मानवीय समाज में ऐसा कोई पेशा नहीं जिसे कमतर आंका जा सके । हर पेशा अपनी महत्ता जरूरत पर सिद्ध कर दिखाता है । हम मानवों के बीच एक ऐसा पेशा भी है , जिसे सभी पेशों से अलग और अत्यंत ही जिम्मेदार आना माना जा सकता है । जी ! हां ! मैं बात करना चाहता हूं , हमारे मानवीय समाज के ऐसे ही पेशे से जुड़े डॉक्टर्स की । मैने अनुभव किया है , लंबे और तनावपूर्ण काम के घंटे , डॉक्टर्स की नौकरी और मरीजों के प्रति उनके जुनून को जो उन्हें अधिक जवाबदार श्रेणी में ला खड़ा करते हैं । यह भी देखा जा रहा है कि डॉक्टर्स को खुद के लिए खाली समय निकालने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है । कारण यह कि उन्हें महत्वपूर्ण चिकित्सा देखभाल और मरीजों को उपचार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना पड़ता है । यही कारण है कि अवकाश , विश्राम और परिवार के लिए समय देने में उनका पेशा उन्हें सीमित करता रहा है । एक डॉक्टर को अपनी दिनचर्या में चुनौतियों को शामिल करना अन्य पेशे की तुलना में सामान्य काम होता है ! दिनभर ड्यूटी पूरी करने के बाद घर पर कुछ देर आराम से बैठे डॉक्टर की वह इच्छा जिसमे वह अपनी थकान मिटाना चाहता है , उस समय धूल धूसरित हो जाती है , जब आपातकालीन बुलावा आ जाता है । ऐसी स्थिति में एक समर्पित डॉक्टर की थकान यह सोचते हुए स्वमेव दूर हो जाती है कि किसी को उसकी जरूरत है । बीमार व्यक्ति का इलाज कर डॉक्टर उसे जब सामान्य हालत में ले आता है ,तब परिजनों की तुलना में डॉक्टर को जो सुकून मिलता है उसका उल्लेख नहीं किया जा सकता है । हमें यह स्वीकार करने में तनिक भी संकोच नहीं होना चाहिए कि घर पर मौजूद डॉक्टर के पास चैन से सोने के लिए पर्याप्त समय नहीं होता है । अपने पेशे के अनुसार डॉक्टर काम और जीवन के बीच संतुलन बनाने में माहिर होते है ! वे यह भी समझते हैं कि खुद की देखभाल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है । चिकित्सकीय पेशे में बीमारियों से लड़ने के लिए बन रही नई दवाइयों के प्रति लचीला और प्रतिबद्ध बने रहने के लिए डॉक्टर्स को अपने व्यस्त शेड्यूल में से समय निकालने की जरूरत उनके पेशे का हिस्सा मानी जानी चाहिए । भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक तनाव भी अहम कारक है जो चिकित्सक के जीवन को प्रभावित करता है । मरीजों की गंभीर स्थिति चिकित्सक को भी नींद नहीं लेने देती और दयनीय स्थिति में ला देती है ! बावजूद इसके भावनात्मक संतुलन की आदत के द्वारा डॉक्टर स्थिति को नियंत्रण में बनाए रखने में सक्षम होते हैं ! डॉक्टर का यही समन्वय उसे बीमारी से अच्छी तरह लड़ने की प्रेरणा प्रदान करता है और वह रात - दिन मरीज के स्वास्थ्य के लिए जूझता रहता है । चिकित्सा घटनाओं की अनिश्चितता के चलते डॉक्टर आम तौर पर अपनी 8 से 10 घंटे की शिफ्ट के बाद मरीजों का परीक्षण करते थकान का अनुभव नहीं करते हैं । एक डॉक्टर का काम उन्हें अन्य पेशे से अलग दिखाता है । यदि एक डॉक्टर अपने परिवार के साथ सैर - सपाटे पर है तब भी वह अपने मरीजों को फोन कॉल पर सलाह देकर उनका इलाज करता है ! डॉक्टर को उसके द्वारा दी जा रही सेवा के लिए उसके मरीज अथवा परिवार द्वारा उपहार भी दिए जाते हैं । इन उपहारों का स्वरूप अन्य अवसरों पर दिए जाने वाले उपहारों से पृथक होता है । जब एक गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ होकर अपने घर लौटता है , तब उन परिवारों द्वारा डॉक्टर को धन्यवाद और कृतज्ञता के रूप में जो टिप्स प्राप्त होते हैं वे किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होते ! यही तोहफे उन्हें अधिक सेवा के प्रति ऊर्जा प्रदान करते हैं । हर एक बार जब कोई डॉक्टर किसी जटिल बीमारी के इलाज का जिम्मा लेता है तो उसके पेशेवर विकास के अवसर उसके भविष्य के दरवाजे पर दस्तक देते दिखाई पड़ते हैं ! इस तरह की चुनौती डॉक्टर के पेशे को विकसित करने और उसमे गुणवत्ता हासिल करने के लिए जरूरी समझी जानी चाहिए । वास्तव में गंभीर रूप से चिंतन किया जाए तो चिकित्सकीय पेशा सम्मान का हकदार है । हम कह सकते हैं कि चिकित्सक हमारे देश की सबसे बड़ी स्पत्ति हैं । कारण यह कि पूरा मानवीय समाज उनकी सेवाओं पर ही निर्भर है । हम और हमारा समाज इस बात को जानता है कि वर्तमान में चिकित्सक के पेशे को लेकर किंतु - परंतु वाली स्थिति सामने आती रही है । एक सफल अथवा समर्पित चिकित्सक उसे ही माना जाता है जो अपने मरीज की समस्याओं को सुने और उस पर चिंतन करे । मरीज के लक्षणों के आधार पर इलाज का मार्ग तलाशना भी अच्छे चिकित्सक की पहचान माना जाता है । एक डॉक्टर जो अभी - अभी अपना पेशा शुरू कर रहा है उसके लिए मैं यही कहना चाहता हूं - ₹ हर कदम पर आपके फैसलों पर सवाल उठाए जायेंगे । यह एक डॉक्टर के जीवन में बड़ी निराशा होगी कि उनके पेशेवर जीवन में हर दिन उनके इरादों पर सवाल उठाए जाते रहें ! अनेक बार ऐसी भी स्थिति आती है जब मरीज और डॉक्टर के बीच तनाव कायम हो जाते हैं । मामला यहां तक पहुंच जाता है कि डॉक्टर को अदालत के कटघरे में खड़ा होना पड़ता है ! डॉक्टर के सिर पर लटकी इस तरह की तलवार को मैं सर्वथा अनुचित समझता हूं । कारण यह कि कोई भी चिकित्सक अपनी ओर से बीमार व्यक्ति का बुरा नहीं चाहता क्योंकि उसका पेशा ऐसा है जो पीड़ित को राहत देने के साथ उसे बुलंदियों पर पहुंचाता है । हमारे देश में प्रायः डॉक्टर्स को बदनाम किया जाता है ! छोटी सी चूक हुई नहीं कि मीडिया अपने कैमरे और कलम लिए तैयार रहता है कि कैसे डॉक्टर को कटघरे में लाया जाए । बिना यह जानें और समझे कि त्रुटि डॉक्टर से हुई है या फिर स्वयं मरीज ने डॉक्टर की सलाह के परे अपनी स्थिति को बिगाड़ा है ? यह कहने में मुझे कोई संकोच नहीं कि मीडिया में शामिल कुछ लोग अपने विशेषाधिकार का दुरुपयोग कर कमरे में सबसे ऊंची आवाज बनने की कोशिश करते है ! मुझे आश्चर्य होता है कि लोग यह नहीं समझते कि डॉक्टर्स अराजकतावादी नहीं होते हैं । वे विरोध प्रदर्शन करने और लाठी चार्ज का सामना करने के बजाय मरीजों का इलाज करने में अधिक प्रसन्नता का अनुभव करते हैं । अपवाद कहां नहीं होते ? इतने बड़े चिकित्सा समाज में कुछ लोगों की लापरवाही अथवा अनदेखी की सजा पूरे कुनबे को देना कभी उचित नहीं कहा जा सकता है !

# बिना डिफ्रॉस्ट किए साफ होगा फ्रिज में जमा बर्फ, बस करना होगा यह काम

फ्रिज तो ऐसी चीज बन चुका है, जिसके बिना घर के कई अटक जाते हैं. अब चाहे पानी ठंडा करना हो या खाने-पीने का सामान सुरक्षित रखना. वहीं, बर्फ भी जमाना होता है, लेकिन इन तमाम कामों के बीच फ्रीजर में काफी ज्यादा बर्फ जम जाता है, जिसे साफ करने में पसीने छूट जाते हैं. आइए आपको फ्रीजर की बर्फ साफ करने के ऐसे तरीके बताते हैं, जिसके लिए डिफ्रॉस्ट भी नहीं करना होगा.

## डिफ्रॉस्ट करने से होता है यह नुकसान

अब आप सोच रही होंगी कि फ्रीजर को डिफ्रॉस्ट करके आसानी से साफ किया जा सकता है तो बेवजह की मगझमारी क्यों करें, लेकिन अगर आप फ्रीजर को डिफ्रॉस्ट करती हैं तो फ्रिज की कूलिंग भी बंद हो जाएगी. इससे फ्रिज में रखे फल-सब्जियां और खाने-पीने का सामान खराब होने का खतरा रहेगा. अब हम आपको ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें आजमाने के लिए आपको फ्रीजर डिफ्रॉस्ट नहीं करना पड़ेगा.

## गरम पानी की बाल्टी आएगी काम

अगर आपके फ्रीजर में जरूरत से ज्यादा बर्फ जम रहा है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. सबसे पहले आपको प्लास्टिक की छोटी बाल्टी में तेज गरम पानी लेना होगा. आपको यह ध्यान रखना होगा कि बाल्टी इतनी बड़ी हो कि फ्रीजर में आसानी से आ जाए. गरम पानी से भरी इस बाल्टी को आप फ्रिजर के अंदर रख दीजिए. कुछ ही देर में पूरा बर्फ साफ हो जाएगा.

## छोटी बाल्टी नहीं हो तो क्या करें

अगर आपके घर में छोटी बाल्टी नहीं है तो आप कॉफी मग का भी सहारा ले सकती हैं. आपको कॉफी मग में गरम पानी भरना है और उसे धीरे-धीरे फ्रीजर में डालना है. इससे कुछ ही देर में फ्रीजर का बर्फ साफ होने लगेगा.

## लकड़ी का चम्मच आएगा काम

कई बार फ्रीजर में बर्फ का पहाड़ बन जाता है, जो गरम पानी से भी आसानी से साफ नहीं हो पाता है. ऐसे में आप गरम पानी डालने के साथ-साथ लकड़ी के चम्मच की मदद से बर्फ साफ कर सकते हैं. इससे कुछ ही देर में फ्रीजर का सारा बर्फ साफ हो जाएगा और आपको उसे डिफ्रॉस्ट भी नहीं करना पड़ेगा.

## हेयर ड्रायर भी कर सकता है मदद

अगर आप बार-बार गरम पानी नहीं करना चाहती हैं और आपके पास हेयर ड्रायर है तो आप उससे भी फ्रीजर का बर्फ साफ किया जा सकता है. आपको नॉर्मल स्पीड पर हेयर ड्रायर चलाना होगा और कुछ ही देर में फ्रीजर से बर्फ लापता हो जाएगा.



# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मोबाइल टॉवर प्रारंभ

## छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियद नेल्ला नार योजना अन्तर्गत सुरक्षा कैम्पों के आस पास ग्रामों में शत प्रतिशत 4 जी नेटवर्क कनेक्टीविटी देने की है योजना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 जुलाई।** जिला सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों को मोबाईल कनेक्टीविटी से जोड़ने एवं बेहतर इंटरनेट सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन के द्वारा शत प्रतिशत 4 जी कनेक्टीविटी हेतु नये जियो टावर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ0ग0), कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक, जिला सुकमा के निर्देशन तथा निखिल राखेचा अतिरिक्त. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में





छत्तीसगढ़ शासन संचालित ''नियद नेल्ला नार'' योजना के तहत बेहतर मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट सुविधा प्रदान करने हेतु सुरक्षा कैम्पों के आस-पास ग्रामों में जियो के नवीन टॉवर स्थापित किये ,जा रहे है। इस योजना के तहत जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ''परिया'' में शुक्रवार को नवीन स्थापित मोबाईल टॉवर से जियो 4 जी मोबाईल नेटवर्क का सुविधा प्रारम्भ किया गया। मोबाईल कनेक्टीविटी शुरू होने से परिया, बगड़ेगुड़ा, सामसेट्टी सहित आसपास के कई गांव लाभांवित होंगे, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रों में मोबाईल टॉवर लगने से स्कूली छात्रों को ऑनलाईन पढ़ाई करने में भी मदद मिलेगी साथ ही इंटरनेट के माध्यम से ग्रामवासी देश-विदेश की जानकारी से अवगत होते रहेंगे।सुकमा पुलिस के सतत् प्रयास से अब-तक विगत 01 वर्ष में अंदरूनी क्षेत्रों में कुल 13 लोकेशनों (बाडनपाल, कोत्ताचेरू, पोटकपल्ली, वेलकनगुड़ा, डब्बाकोन्टा, तोण्डामरका, सुर्रेपाल, सिलगेर नाला, जंगमपाल, इडजेपाल, रामाराम, एलारमड़गू, मेखावाया) में जियो का टॉवर स्थापित कर जियो 04 जी नेटवर्क की सुविधा का लाभ क्षेत्र के ग्रामीणजन एवं सुरक्षा बलों के जवान द्वारा लिया जा रहा है। मोबाईल टॉवर लगने पर अंदरूनी क्षेत्रों के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया गया।

जिले के शेष अंदरूनी क्षेत्रों में जियो के नवीन टॉवरों की स्थापना का कार्य सुकमा पुलिस के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तीव्र गति से प्रगतिरत् है।

## एक नजर

### जिले में अब तक 267.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 2 जूलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 430.0 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 271.9 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 252.0 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 181.1 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 161.3 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 338.2 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 239.3 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 267.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 30 जून को सर्वाधिक वर्षा दोरनापाल तहसील में 48.2 मिलीमीटर,जगरगुण्डा तहसील में 40.2 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 38.0 मिलीमीटर,गादीरास तहसील में 35.5 मिलीमीटर ,तोंगपाल तहसील में 30.2 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 29.1 मिलीमीटर और कोण्टा तहसील में 17.0 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस प्रकार 34.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### डोंगरगढ़ के भाजपाइयों की गुटबाजी से कांग्रेस को फायदा

**डोंगरगढ़ 2 जुलाई।** राजनीति में अपने आप को ऊँचा बनाने की प्रतिस्पर्धा में प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद डोंगरगढ़ विधानसभा में कांग्रेस का दबदबा कायम है। जो भाजपा पार्टी के लिए यक्ष सवाल बना खड़ा है। पूरे देश में भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता एक होने से केंद्र में भाजपा मोदी की सरकार है पर धर्मनगरी में भाजपा के तीन फाड़ व आपसी तालमेल बिगड़ने से कांग्रेस को फायदा पहुँचने की संभावना को इंकार नहीं किया जा सकता। आदिवासी प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से इस विषय पर गंभीरता से मंत्रीमंडल के समक्ष चर्चा कर पार्टी व जनहित में कार्य करें नहीं तो जनता आने वाले समय में सनातन की बात छोड़ हमदर्द को चुनाव जीता देगी तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

### हिंदी श्रेष्ठ सम्मान की प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 15 जुलाई

**रायपुर 2 जुलाई।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन द्वारा कक्षा दसवीं में अपनी स्कूल में हिंदी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को रायपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ÷हिंदी श्रेष्ठ सम्मान÷ से सम्मानित किया जाएगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया की इस सम्मान हेतु शाला के प्राचार्य संबंधित छात्र की सत्यापित अंक सूची लेटर हेड पर प्रमाणित करते हुए वाट्स एप पर भेज सकते हैं। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 15 जुलाई निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 9575467733 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री की विशेष पहल से मिली नागरिकों को नई सुविधा

**जगदलपुर 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण नवा रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के लिए नवा रायपुर आने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक संबंधित कार्यालय से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने चालक लाईसेंस अथवा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा सभी अधीनस्थ कार्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# ट्रक ओनर्स एसोसिएशन का विवाद गहराया



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 2 जुलाई।** बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन में सदस्यों के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। सोमवार को बीटीओए के सदस्यों ने दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी व कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंप संस्था के विधिवत चुनाव की मांग की। विधायक चैतराम अटामी से चर्चा में सदस्यों ने वर्तमान संचालित कमिटी की कार्य प्रणाली पर गहरा असंतोष जताते हुए कहा कि बिना किसी निर्वाचन या आम चुनाव के जो भी बी टी ओ का संचालन कर रहा है, उसे तत्काल प्रभाव से हटाकर विधिवत निर्वाचित कमिटी द्वारा चुनाव करवाया जाये 7 विधायक चैतराम अटामी ने सदस्यों की बात सुनी और सारे सदस्यों के साथ कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी से मुलाकात कर मामले की विस्तृत जानकारी दी। चर्चा उपरांत बीटीओए के बायलॉज अनुसार यह निर्णय लिया गया कि जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाता संचालन पूर्व निर्वाचित कमिटी ही करेगी, क्योकि उसके बाद किसी भी तरह का चुनाव बीटीओए में नहीं हुआ है। 17 जुलाई से पहले बी टी ओ की पूर्व निर्वाचित कमेटी चुनाव संपन्न करवाएगी।

विधायक व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद बीटीओए के सदस्य किरंदुल संस्था कार्यालय पहुंचे और बैठक आयोजित की, जिसमे यह निर्णय लिया गया कि 17 जुलाई से पूर्व चुनाव संपन्न कराया जायेगा। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बी टी ओ ए के सदस्य शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाएं और जो निर्वाचित हो वही संचालन करे। किसी भी तरह की तानाशाही, अराजकता बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी माहौल ख़राब करने की कोशिश करता है, उस पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। बीटीओए ट्रक मालिकों का पंजीकृत संगठन है, जिसमे 800 से अधिक सदस्य है और 1494 से अधिक गाड़ियां हैं। इस संस्था का अपना बायलॉज है, जिसके नियमानुसार वार्षिक चुनाव होते है और सदस्य संस्था के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष ,कोषाध्यक्ष व सह सचिव को चुनते है।

### समाज को व्यवस्थित रखने पारदर्शी जवाबदेही कानून जरूरीः कलेक्टर

**सुकमा, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भारत का तीन नया कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज 1 जुलाई से लागू हो रहा है। जिला पुलिस-प्रशासन के सौजन्य से थाना परिसर सुकमा में आयोजित नवीन कानून शुभारंभ उत्सव में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण सहित सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में नए कानून के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हरिस.एस ने कहा कि समाज को व्यवस्थित रखने के लिए पारदर्शी और जवाबदेही कानून जरूरी है। इसका उद्देश्य त्वरित न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि पुराने कानून में संशोधन कर नई धाराएं जोड़ी गई हैं तथा धाराओं का समायोजन किया गया है, इससे लोगों को त्वरित रूप से न्याय मिलेगा। उन्होंने संशोधित कानून के बारे में लोगों को जागरूक करने कहा। पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण ने कहा कि नए कानून में एकरूपता, समानता संवेदनशीलता और गोपनीयता को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि नया कानून लागू होने से हम दंड से न्याय की ओर जा रहे हैं। उन्होंने नए कानून में बदलाव हुए विभिन्न प्रावधानों, धाराओं, संगठित अपराधों, चोरी, हत्या साइबर क्राइम, न्याय प्रक्रिया के लिए समय सीमा का निर्धारण, साक्ष्य सुरक्षा के प्रावधानों आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुकमा श्री राजू साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित श्री उत्कर्ष भारती सहायक लोक अभियोजक, पत्रकारगण और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।




## समाचार संक्षेप

### गिरोला पोस्टमैन रामदयाल नाग को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**कोंडागांव 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** उपडाकघर कोंडागांव के शाखा डाकघर गिरोला मे चार दशक से कार्यरत सहायक शाखा डाकपाल श्री राम दयाल नाग जी को उनके 65 वर्ष पूर्ण होने पर 1 जुलाई सोमवार को पोस्ट ऑफिस कोंडागांव में साल श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा ने कहा उन्होंने डाक विभाग मे ग्रामीण डाक सेवक के रूप में कुल 46 वर्ष सेवा दी 46 वर्ष तक सेवा देना अपने आप मे बड़ा मायने रखता है, डाक विभाग उनकी सेवा को हमेशा याद रखेगा, मैं पूरे डाकघर परिवार की ओर से उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करता हु। इस कार्यक्रम में डाकघर के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विभिन्न दुकानों, होटलों एवं उद्योगों में टास्कफोर्स ने किया निरीक्षण



**सुकमा, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के निर्देश एवं कलेक्टर श्री हरिस.एस के मार्गदर्शन में जिले में बाल और किशोर श्रम उन्मूलन की दिशा में बचाव अभियान ''बाल अधिकार और भलाई'' की थीम पर 12 जून से 30 जून 2024 तक चलाया गया। बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री कसीमुद्दीन खान, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री विस्मिता पाटले, श्रम पदाधिकारी श्रीमती सुनीता जोशी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह बघेल की संयुक्त टास्कफोर्स टीम ने अभियान चलया गया। जिला सुकमा में गठित श्रम विभाग, पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन, 1098 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई सुकमा की टास्कफोर्स टीम के माध्यम से निर्माण कार्यों, दुकानों, होटल, ढाबा, वर्कशाप, आटोपार्ट्स, गैरेज इत्यादि में निरीक्षण कर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। श्रम निरीक्षक श्री सदानंद नाग ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम को संस्थानो में कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाये गए।

### नवीन कानून का स्वागत, मनाया त्यौहार



**डोंगरगढ़ 2 जुलाई।** केंद्र सरकार का अहम फैसला कि क्राइम के मामले में पुलिस के सुस्त रवैया व आम लोगों की शिकायत कि थाने में थाना प्रभारी नहीं होने का हवाला देकर एफआई दर्ज नहीं की जाती थी व पीड़ित को इंसाफ नहीं मिलता था। जिसे संज्ञान में लेते हुए भ्रष्ट पुलिस के खिलाफ अभियान के तहत कानून पारित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस महोदय राहुल देव शर्मा व एसडीएम उमेश पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के निर्देशानुसार थाना प्रभारी श्री चंद्रा नेतृत्व में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा छिरपानी डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेवरी सेड के नीचे ''नवीन कानुन स्वागत त्यौहार'' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नवीन कानुन स्वागत त्यौहार में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकजन, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, सरपंच, पटेल, कोटवार एवं अन्य सम्म्मानीय व्यक्ति शामिल हुये। जिन्हें आनलाईन एफआईआर के संबंध में जानकारी दे अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानीय व्यक्तियों को आशिष कुंजाम एसडीओपी डोंगरगढ़ संबोधित करते हुये नवीन कानुन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं नवीन कानुन के प्रचार-प्रसार करने एवं लोगों को जागरूक करने की अपील की गई।

### ग्राम रतेडीह के शत-प्रतिशत घरों में मिल रहा शुद्ध पेयजल

**उत्तर बस्तर कांकेर, 2 जुलाई।** शासन की जनकल्याणकारी योजना जलजीवन मिशन के माध्यम से जिले के कई गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है और अब उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जलजीवन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन से कई गांवों में शुद्ध पेयजल के मामले में आत्मनिर्भरता आने लगी है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए पहले घर या गांव से बाहर जाना पड़ता था, उन्हें अब इस योजना से घरों में ही टेप नल के जरिए शुद्ध पेयजल मिल रहा है और गंदे पानी से होने वाली बीमारियों से भी छुटकारा मिल रहा है। ऐसी ही कहानी चारामा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुर्रूटोला के आश्रित ग्राम रतेडीह की है, जहां जलजीवन मिशन से वहां के ग्रामवासियों के जीवन में काफी सकारात्मक बदलाव आया है। आज यहां के शत-प्रतिशत घरों में टेपनल के माध्यम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। जिला मुख्यालय से 47 दूर विकासखण्ड चारामा की ग्राम पंचायत कुर्रूटोला के आश्रित रतेडीह में एक आंगनबाड़ी एवं एक स्कूल है। यहां पेयजल हेतु 05 हैण्डपम्प हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री बी.एन. भोयर ने बताया कि केन्द्र सरकार की जलजीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में पाइपलाइन के द्वारा पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

# कलेक्टर ने निरीक्षण के लिए अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 जुलाई।** सुकमा जिले में 26 जुलाई को स्कूल खुलते ही कलेक्टर श्री हरीश एस जी के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी आर मंडावी जी ने जिले स्तर पर निरीक्षण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी जिसके तहत संकुल स्तर पर संकुल समन्वयक,संकुल प्राचार्य अपने सभी स्कूलों का निरीक्षण कर सत्र के प्रथम दिवस स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनवाना,शिक्षकों बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। किसी भी प्रकार की कोताही बरतने वाले शिक्षकों की जानकारी भेजने को कहा गया। विकास खंड स्तर पर ङ्कद्गश्च द्वारा स्वय विकास खंड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी की टीम बनाई गई। जिनके द्वारा अपने विकास खंड के सभी संकुलो को तीन तीन भागों में विभाजित कर निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के डी एम सी, एडीपीओ, एपीसी, सा. नो. की 9 टीम तैयार कर जिले के विभिन्न संकुलों में निरीक्षण के लिए भेजा गया। देखा गया जिले के सुदूर क्षेत्रों में जिला ब्लाक स्तर के अधिकारी पहुंच करस्कूलों का निरीक्षण किया। शहरी और सुदूर अंचल मे प्रवेश उत्सव, न्यौता भोज का



आयोजन किया गया। प्रवेश उत्सव की धूम थी। किंतु इतने चाक चौबंद के बावजूद कुछ शिक्षक सत्र के प्रथम दिवस भी स्कूल से नदारत थे। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी आर मंडावी ने जानकारी देते हुए कहा। हमे अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी मिल गई है, ब्लाक स्तर से नोटिस जारी हो गई है। जिले से भी सभी अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी की जा रही है। और बैगर किसी सूचना के अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का अवैतनिक किया जायेगा। उन्होंने कहा मैंने स्वय कई स्कूलों का दौरा किया है जहा शिक्षकों द्वारा व्यवस्था अच्छी पाई गई उन्हे शाबाशी मिली और जहां अव्यवस्था थी उन्हे फटकार भी लगाई गई और तत्काल व्यवस्था को सुधारने का निर्देश दिया गया।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वन विभाग कर रहा निःशुल्क पौधा वितरण

**चारामा 2 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोटी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान आरंभ किया है जिसमें भारत तथा विश्व भर के सभी लोगों से इस वर्षा ऋतु में अपनी मॉ के नाम पर एक पौधा लगाने का आहवान किया गया है। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र चारामा द्वारा क्षेत्र के लोगों को पौधों का वितरण निःशुल्क नगर के कोरर चौक में किया जा रहा है। इस अभियान में भाग लेकर इसे सफल बनाने और पौधा रोपन करते हुए शोसल मीडिया में फोटो भी अपलोड़ करने का आग्रह किया गया है। एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत सोमवार 01 जूलाई से वन परिक्षेत्र कार्यालय चारामा के द्वारा पौधों का वितरण निःशुल्क किया जा रहा है जिसमें फलदार, छायादार एवं फुलदार पौधे शामिल है यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा। आज 173 हितग्रहियों को कुल 540 नग पौधा वितरण किया गया। वही इन पौधों को निःशुल्क पाकर लोग बहुत प्रसन्न दिखाई पड रहे है। पौधों का वितरण निःशुल्क करने और इस अभियान को सफल बनाने पूरा वन अमला जुटा हुआ है। पौधा वितरण कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र चारामा से युगल किशोर सोनबोईर परिक्षेत्र सहायक, जीवन लाल साहू परिक्षेत्र सहायक, ललिता दुग्गें नर्सरी प्रभारी, पुनीता मरकाम, विनोद केमरो एवं भालेश्वर वनरक्षक उपस्थित रहे।



### राज्य खेल अलंकरण हेतु 10 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 2 जुलाई।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, प्रेरणा निधि खेल अंलकरण एवं डाईट मनी हेतु 10 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। पात्र आवेदक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण रायपुर या कार्यालय जिला खेल अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवदेन कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षों के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार, विगत 5 वर्षो में चार बार सीनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान तथा प्रशिक्षकों और निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है।

## पुलिस अधीक्षक ने साड़ी, शाल, मिठाई देकर बुजुर्ग माता-पिता का जाना हाल-चाल

# पुलिस अधीक्षक ने की माओवादी के माता-पिता से मुलाकात

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 2 जुलाई।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत जिला - मोहला-मानपुर-अं.चौकी में ऑपरेशन प्रयास÷चलाया जा रहा है। दिनांक 01 जुलाई 2024 को जिला के पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स डी.सी पटेल के दिशानिर्देश के तहत जिला पुलिस, डीआरजी और इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस (आईटीबीपी) के द्वारा जिले के विभिन्न नक्सल प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों और सक्रिय नक्सलियों के परिवारजनों से मुलाकात कर, माओवादियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

÷ऑपरेशन प्रयास÷ के पहले चरण में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अंतर्गत राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन के सदस्य एवं कोतरी एरिया कमेटी एलओएस, मोहला औंधी एरिया कमेटी और एलओएस के कमांडर लोकेश उर्फ हरसिंग सलामे के माता-पिता और अन्य परिवारजनों से मुलाकात किया गया। लोकेश सलामे पर कुल 8 लाख रुपए का ईनाम घोषित है। इस अवसर पर लोकेश सलामे के माता पिता सहित अन्य परिवार जन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित हुए और पुलिस अधीक्षक ने बुजुर्ग माता पिता के स्वास्थ्य के बारे में जाना। शासन-प्रशासन के



योजनाओं के लाभ प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी लिया गया। पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह ने माओवादियों से अपील किया है कि माओवादियों की लड़ाई अंतिम चरण में है । पुलिस फोर्स माओवादियों के गढ़ माड़ में पहुंच चुकी है। अभी भी समय है , समय रहते पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और आम नागरिक की तरह समाज में जीवन यापन करें। छतीसगढ़ शासन विभिन्न योजनाओं के तहत छग पुलिस के द्वारा आत्मसमर्पण करने पर नगद ईनाम, घर, नौकरी, राशन कार्ड, आधार कार्ड, व्यवसाय हेतु ऋष्ण, कृषि हेतु जमीन, स्वास्थ्य बीमा, बस यात्रा में 50त्न छुट, अन्य नियमानुसार सुविधा प्रदाय किया जाएगा।

एक नजर

## एक महीने में बने 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड



**रायगढ़, 2 जुलाई।** रायगढ़ जिले में छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण का काम तेजी से जारी है। पिछले एक माह में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर पूरे जिले में अभियान चला कर 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पंचायत विभाग जमीनी स्तर पर मुहिम चला रहा है। गांव-गांव में कैंप लगाकर छूटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन विकासखंडवार कार्ड निर्माण के कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग की समीक्षा की जा रही है। जिसका परिणाम रहा कि 30 हजार लोगों से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड का निर्माण कर लिया गया है।

कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए है। जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्ड में दौरा कर आयुष्मान कार्ड प्रगति की समीक्षा कर रहे है। इसके साथ ही कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्लानिंग कर लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉकवार गांवों में नियमित रूप से शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके तहत जून माह में विकासखण्ड पुसौर में 2020, रायगढ़ में 3641, खरसिया में 3231, तमनार में 3140, घरघोड़ा 1999, लैलूंगा 4650, धरमजयगढ़ 12609 इस तरह कुल 31 हजार 290 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। इस तरह जिले में अब तक कुल 9 लाख 13 हजार 644 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है। कलेक्टर श्री गोयल ने शेष हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया है।उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा निम्न एवं गरीब तबके के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराने आयुष्मान कार्ड योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत शासन के निर्देशानुसार सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना (एसईसीसी)अंतर्गत परिवार एवं अंत्योदय व प्राथमिकता के क्रियाशील राशन कार्डधारी परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। योजनान्तर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ या किसी पंजीकृत चिकित्सालयों में योजना के निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से भर्ती होने की स्थिति में प्रतिवर्ष (फैमिली फ्लोटर आधार पर) प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज प्रदाय किए जाने का प्रावधान है।

**आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज-**जिले के जनसामान्य राशन कार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त अन्य कोई भी शासकीय पहचान पत्र एवं मोबाईल नंबर के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या शिविर में उपस्थित होकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हेल्प लाईन नंबर 104 में संपर्क कर सकते है।

## मुख्यमंत्री की विशेष पहल से मिली नागरिकों को नई सुविधा

**धमतरी 2 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है।मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण नवा रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के लिए नवा रायपुर आने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक संबंधित कार्यालय से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने चालक लाईसेंस अथवा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा सभी अधीनस्थ कार्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## जनदर्शन में समस्या, शिकायत और मांग संबंधी कुल 123 आवेदन मिले

**धमतरी 2 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांग, समस्या, शिकयत गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। आज जनदर्शन में बच्चों को स्कूल में पुनः भर्ती कराने, सरकारी जमीन पर कब्जा, रामलला दर्शन भेजने, प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी दिलाने, प्रदूषण पर रोक लगाने, विद्युत विभाग के कर्मियों को काम से निकालने, अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने, दिव्यांग पेंशन, खेत में गंदा पानी बहने, बरसाती पानी को रोकने से होने वाली दिक्कत का निराकरण करने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, सामुदायिक भवन बनाने, राशनकार्ड बनाने इत्यादि संबंधी कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए।

# नये कानून को लेकर थाना में कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पत्थलगांव, 2 जुलाई।** देश भर मे आज से भारतीय न्याय संहिता के तहत तीन कानून लागू कर दिये गये है। यहा के थाना मे तीन नये कानून के संबंध मे जानकारी दी गयी,जिसके तहत एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। व्यवहार न्यायालय के डी.पी.ओ सौरभ सौम्य जैन कानून की जानकारी देने के लिए यहा मौजुद थे। उनके अलावा भाजपा मंडल के अध्यक्ष अनिल मित्तल,ग्रामीण प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया,हरगोविंद अग्रवाल,अधिवक्ता मोहन यादव,अंकित बंसल,चमर साय,मनोज तिवारी,थाना प्रभारी विनीत पांडे के अलावा शहर के नागरिक भी बडी संख्या मे मौजुद थे। डी.पी.ओ सौरभ सौम्य ने बताया कि तीन नये अपराधिक कानून के लागू होने से न्याय प्रणाली मे व्यापक बदलाव आयेंगे। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई, 2024 से लागू हो गये है,भारतीय न्याय संहिता कानून अब आईपीसी (इंडियन पीनल कोड) की जगह लेगा। नए कानून में धारा 375 और 376 की जगह बलात्कार की धारा 63 होगी.सामूहिक बलात्कार की धारा 70 होगी,हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 होगी. भारतीय न्याय संहिता में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है, जिसमें एक नया अपराध मॉब लिंचिंग है. इसमें मॉब लिंचिंग पर भी कानून बनाया गया है. 41 अपराधों में सजा को बढ़ाया गया है. साथ ही 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ाया गया है। नए कानून के मुताबिक, आपराधिक मामलों में सुनवाई समाप्त होने के 45 दिनों के भीतर फैसला आएगा,पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाएंगे. सभी राज्य सरकारों को गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने के लिए गवाह सुरक्षा योजनाएं लागू करना होगा।।

**नये अध्याय की शुरूवात-:**आज से लागू कानून मे महिला एवं बच्चो के खिलाफ होने वाले अपराधो के प्रति एक नये अध्याय की शुरूवात हो रही है,जिसके तहत बच्चे को खरीदना या बेचना एक जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा गया है,जिसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। नाबालिग के साथ सामूहिक बलात्कार के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है,नए कानून में अब उन मामलों के लिए सजा का प्रावधान शामिल है, जिसके तहत महिलाओं को शादी का झूठा वादा करके या गुमराह करके छोड़ दिया जाता है।।

**इलेक्ट्रानिक संचार पर होगी एफआई.आर-:**नये कानून के तहत इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट की जा सकेगी,किसी भी मामले का समन एस.एम.एस के जरिये भेजा जा सकता है,पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नही पडेगी। साथ ही व्यक्ति एफआई.आर को अपने अधिकार क्षेत्र वाले थाने के बजाए दूसरी जगह भी दर्ज करा सकता है,अब गंभीर अपराधों के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों का घटनास्थल पर जाना और साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य होगा।

## चक्रधर समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए प्राप्त सुझावों के अनुसार होगा कार्यक्रम:कलेक्टर



**रायगढ़, 2 जुलाई।** 39 वें चक्रधर समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 07 सितंबर गणेश चतुर्थी के दिन से समारोह की शुरुआत होगी। समारोह की रूपरेखा तैयार करने आज कलेक्ट्रेट में कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें रायगढ़ राजपरिवार के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कला और खेल प्रेमी, मीडिया प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। बैठक में समारोह स्थल के चयन व अवधि और कार्यक्रम की रूपरेखा और कलाकारों के चयन के संबंधी बिंदुओं पर सुझाव लिए गए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रायगढ़ कलाधानी है, चक्रधर समारोह पूरे देश के कलाप्रेमियों के बीच एक विशेष स्थान रखता है। जिला प्रशासन चक्रधर समारोह के गरिमामयी आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी से सुझाव लिए जा रहे हैं। जिसके आधार पर समारोह के आयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा चक्रधर समारोह की अब तक की यादों को सहेजने के लिए एक पुस्तिका तैयार की जा रही है इसमें पिछली फोटोज और लेखों को संग्रहित किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने आयोजन में प्रशासन के साथ शहर के समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग की बात कही। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने समारोह के आयोजन में प्रतिदिन के कार्यक्रम के आयोजन और स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किए जाने की बात रखी।बैठक में चक्रधर समारोह के आयोजन पर उपस्थित जनों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति रामलीला मैदान में किए जाने की बात रखी गई। जिस पर वहां खिलाड़ियों को आयोजन के पश्चात मैदान को लेकर होने वाली असुविधा का पक्ष भी खेल प्रेमियों के द्वारा दिया गया, साथ ही आयोजन के पश्चात मैदान को खिलाड़ियों को पुनः व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया। चक्रधर समारोह के आयोजन के समयावधि के संबंध में पूर्व की भांति 10 दिनों तक समारोह आयोजित किए जाने का मत रखा गया। इसी के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान करने का सुझाव दिया गया। खेल प्रतियोगिताएं भी चक्रधर समारोह के आयोजन का हिस्सा रही हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित करने का सुझाव दिया गया। बैठक में शामिल कुछ सदस्यों के द्वारा आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, नटवर स्कूल मैदान व नगर निगम ऑडिटोरियम में किए जाने की भी बात रखी गयी।बैठक में सुश्री उर्वशी देवी, प्रिंसेस विजयश्री देवी सिंह, श्री जगदीश मेहर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री नटवर सिंघानिया, श्री मनोज श्रीवास्तव, श्री दिनेश जायसवाल, श्री संतोष अग्रवाल, प्रो.अम्बिका वर्मा, श्री दीपक पाण्डेय, श्री देवेश शर्मा, श्री तन्मय दास गुप्ता, श्री हुतेन्द्र शर्मा, श्री युवराज सिंह आजाद, श्री नरेश शर्मा, श्री एच.आर.तिवारी, श्री सनत, श्री अविनाश पाठक, श्री राजेश जैन, श्री अमित गुप्ता, श्री शेख ताजीम, श्री रोहिताश्व बेहरा, श्री श्याम देवकर, श्री शैलेष राज सिंह, सुश्री बासंती वैष्णव, श्रीमती चंद्रा देवांगन, श्री राकेश शर्मा, श्री दीपक चंद्र दास, श्री राजेश पटनायक, श्री महावीर अग्रवाल, श्री अनुपम पाल, श्री बलवीर शर्मा, श्री सुरेन्द्र पांडेय, श्री दक्ष कुमार यादव, श्री प्रदीप कुमार श्रृंगी, श्री सुरेन्द्र कुमार, श्री अनिल गोड़, श्री हेमचन्द गुप्ता, श्री खिरेन्द्र कुमार पटेल, श्री शिबि पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी श्री महेश शर्मा, सहायक संचालक खनिज श्री राजेश माल्वे, खेल अधिकारी श्री अमित सिंह मरकाम, प्राचार्य श्री राजेश डेनियल, एएफओ श्रीमती रसिया खान, सहायक संचालक मत्स्य श्री एम.के.पाटले, श्री मनीष पवार, श्री डी.आर.खर्रा, श्री महेश पटेल, एसपीओ पीडब्लूडी श्री एम.एस.नायक उपस्थित रहे।

### मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संविदा पदों पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 6 जुलाई को

**महासमुंद 2 जुलाई ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह महासमुंद में संविदा पदों पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 6 जुलाई 2024 को आयोजित किया जाएगा। कौशल परीक्षा का आयोजन प्रातः 10 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद में होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों को 1-10 में आमंत्रित किया गया है। संबंधितों को परीक्षा में उपस्थित होने डाक के माध्यम से पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा संबंधित सूचना पत्र एवं परिचय पत्र के साथ निर्धारित समय से 1 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई तक

**धमतरी 2 जुलाई ।** जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आगामी 24 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस संबंध में आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला कार्यकारणी की बैठक ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.उत्तम कौशिक ने बताया कि यह पखवाड़ा हर साल मनाया जाता है. प्रथम चरण 1 जून से 20 जून 2024 तक मनाया गया।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**रायगढ़, 2 जुलाई।** जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज जिला जेल रायगढ़ का भ्रमण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र साहू के द्वारा आयोजित शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौसिल, पैनल अधिवक्ता, प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने के बारे में बताया गया। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उनके मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित संज्ञान लेने तथा संबंधित न्यायालय में जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार को निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत हो गई है, किन्तु किसी असमर्थतता के कारण जमानत प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे मामलों में धारा 440 द.प्र.सं.के अन्तर्गत आवेदन संबंधित न्यायालय में दाखिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कैदियों को मिलने वाली भोजन व मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया गया। जिला जेल से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर, जेल की क्षमता, बंदियों के लिये विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी में उपस्थित होने के संबंध में समीक्षा ली गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया और कैदियों को उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधा के बारे में उनके खान-पान, प्राप्त होने वाले मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति से संबंधित जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान पीने का पानी, रहने व सोने की व्यवस्था, मनोरंजन की सुविधा आदि के संबंध में जानकारी लिया गया। जेल लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से जिन बंदियों के मामलों में अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें पैरवी करने तथा जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु विधिक सहायता प्रदान कर निःशुल्क अधिवक्ता दिलाये जाने के बारे में बताया गया। बंदियों को रिहा होने के उपरान्त पुन. अपराध न करने की अपील की गई। विधिक साक्षरता शिविर में माननीय श्री प्रवीण मिश्रा न्यायाधीश एवं अंकिता मुदलियार सचिव के अतिरिक्त जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

## जिले में 9 से 11 जुलाई तक किया जाएगा वृहद् पौधारोपण

**धमतरी 2 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अंगना में शिक्षा के तहत आयोजित पढ़ाई तिहार में सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने कहा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को उक्त अभियान में समन्वय स्थापित करने कहा। इसके साथ ही आरटीई मेंटर्स की नियुक्ति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी मेंटर्स नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करेंगे और इसकी जानकारी से अवगत कराएंगे। उन्होंने आमदी में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। आगामी 9 से 11 जुलाई तक जिले में आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए खोदे गए गड्ढे और पौधरोपण की जियो टैग अनिवार्य रूप से कर लें। आगामी 12 जुलाई को नगरी विकासखण्ड के ग्राम लिखमा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के पहले विकासखण्ड स्तर पर उक्त ग्राम में शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। साथ ही उक्त विकासखण्ड स्तरीय शिविर में ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों को उपस्थित होने आवेदनों का निराकरण कहा और इसकी जानकारी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रैन एंट्री की जानकारी ली। साथ ही विभागवार जल संरक्षण के कार्यों को अनिवार्य रूप से करने कहा। जल संसाधन, वन, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यिनकी, लोक निर्माण विभाग, एडीबी, राष्ट्रीय राजमार्ग, आदिवासी विकास विभाग और जनपद पंचायतों को कार्ययोजना बनाकर शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजित करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों के जलस्त्रोतों की हो रही एफटीआर जांच की प्रगति के बारे में पूछा और नगरीय निकायों में तैयार किए जा रहे रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पूर्ण और अपूर्ण की जानकारी ली। साथ ही सभी श्रम निरीक्षकों को सप्ताह में दो दिन विकासखण्डों में कार्य करने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की जानकारी ली तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत बेस्ट कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली के बारे में पूछा एवं वसूली में तेजी लाने कहा। बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता और उठाव की जानकारी लेते हुए कलेक्टर सुश्री गांधी ने जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत आधार सीडिंग, एकाउंट वेरिफिकेशन और बीजों की सैम्पल इत्यादि के बारे में पूछा। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल के का निरीक्षण करने कहा। इस दौरान जल भराव की स्थिति होने पर उसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने यूनिसेफ से समन्वय स्थापित कर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण आयोजित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त प्रशिक्षण में रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को शामिल करने कहा, ताकि वे स्कूलों में जाकर बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दे सकें।

### डीएमएफ के तहत शासी परिषद् की बैठक 4 जुलाई को

**धमतरी 2 जुलाई ।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास सुश्री नम्रता गांधी की उपस्थिति में आगामी 4 जुलाई को जिला खनिज संस्थान न्यास धमतरी के तहत शासी परिषद् की बैठक आहूत की गई है।

## नए देश का नया कानून, दण्ड संहिता से न्याय संहिता की ओर



**बीजापुर,2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जुलाई 2024 से देश में लागू हो रहे नये कानून की जागरूकता रैली में जिला बल, डीआरजी, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं जन सामान्य ने हिस्सा लिया । रैली का आयोजन पूर्वान्ह 10.00 बजे से लोहा डोंगरी से प्रारंभ हुआ रैली का समापन कोतवाली बीजापुर में हुआ । पुराने कानून में बदलाव के लिये दोनो सदनों में प्रस्ताव सितम्बर 2019 को लाया गया । 25 दिसम्बर 2023 को कानून में बदलाव का बिल पास हुआ । इस प्रकार 01 जुलाई 2024 से सम्पूर्ण राष्ट में नया कानून लागू हो गया । कोतवाली बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री विनीत साहू द्वारा स्वागत भाषण उपरान्त नवीन कानून - भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 तीन नए कानूनों के संबंध में सभा में उपस्थित गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी एवं जनसामान्य को अवगत कराया गया । उप पुलिस अधीक्षक सुश्री गरिमा दादर के द्वारा नये कानून में महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध के संबंध में नये कानून में विशेष प्रावधान को बताया गया । उप पुलिस अधीक्षक श्री तुलसीराम लेकाम द्वारा नये कानून में नागरिक एवं पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण के सबंध में बताया गया । पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा नये कानून में हुए बदलाव, उनके लागु होने एवं थानों में किये जाने वाले व्यवहारिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया है । जिले के समस्त थानों में नये कानून के अनुरूप कार्यवाही हेतु थानों में सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है । जिले के समस्त थानों में नये कानून में हुए बदलाव सबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण उप महानिरीक्षक केरिपु बल श्री देवेन्द्र सिहं नेगी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीजापुर श्री अनुराग पाण्डे के उद्बोधन उपरान्त राष्ट्गान के साथ जिला मुख्यालय में नवीन क़ानून का जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न रहा । अति0पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री चन्द्रकांत गवर्ना के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी/कर्मचारियों एवं पत्रकारगण द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने के लिए अभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

## विधायक जनदर्शन में दिखा लोगों का उत्साह



**बीजापुर,2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने ज़िला मुख्यालय बीजापुर स्थित विधायक कार्यालय में जनदर्शन लगाकर लोगों की समस्याऐं सुनी है जनदर्शन को लेकर लोगों में ख़ासा उत्साह देखने को मिला, जिले के सुदूर क्षेत्रों से लोगों ने अपने समस्याए लिखित और मौखिक रूप से विधायक विक्रम मंडावी के समक्ष रखी जिसमें विधायक विक्रम मंडावी ने जनदर्शन में मिले मौखिक कुछ समस्याओं का निराकरण कराया है। सोमवार को हुए विधायक जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों से 70 से अधिक लिखित आवेदन और 50 से अधिक मौखिक समस्यायें विधायक विक्रम मंडावी के समक्ष आये थे। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में सबसे अधिक नौकरी और विकास कार्यों की मांग रही। एक सवाल के जवाब में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि जनदर्शन को लेकर जिले के लोगों में काफ़ी उत्साह देखने को मिला है, यह कार्यक्रम प्रति सोमवार सुबह 10-30 बजे से शाम 5-00 बजे तक लगेगा जिसमें जिले के लोग अपने अपने समस्याओं को रख सकते है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि युवाओं में नौकरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की माँग अधिक रही प्रशासन से मिलकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा साथ ही विक्रम मंडावी ने लोगों से अपील करते हुआ कहा कि शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। इसके पहले जनदर्शन की शुरुआत विधि-विधान से पूजा अर्चना कर वरिष्ठ कांग्रेसी मरियम एक्का के हाथों रिबन काट कर जनदर्शन कार्यालय का शुभारंभ किया गया। जनदर्शन कार्यक्रम में ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला कामग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, बसंत राव ताटी, सोमारु राम कश्यप, संतकुमारी मंडावी, मिच्छा मुत्तैया, कामेश्वर गौतम, सुरेंद्र चापा, जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, जिले के जनप्रतिनिधियों के अलावा जिले के विभिन्न गावों से आये बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 2 जुलाई।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन मंगाये गये है। जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत नवीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व विस्तार, स्व-सहायता समूहों द्वारा स्थापना, किसान उत्पादक संगठन द्वारा स्थापना, सामान्य सुविधा, सामान्य उदभवन केन्द्र स्थापित करने एवं विस्तार हेतु बैंकों से ऋण हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत आवेदन मंगाये गये है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के उद्यमी एवं इकाई प्रतिबंधित सूची में शामिल न हो की पात्रता होगी। इसमें पूंजीगत अनुदान, व्यक्तिगत परियोजना-पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये, स्व-सहायता समूह पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये, किसान उत्पादक संघ पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत तथा सामान्य उदभवन केन्द्र पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान है। इन्टरेस्ट सबवेन्शन तथा टॉप अप कनवर्जेस योजना में ब्याज में छूट प्रदान किया जाता है। आवेदक अपना आवेदन ऑनलाईन वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य-//श्चद्वद्धद्वद्ग.द्वश्चद्धश्चद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है तथा दूरभाष क्रमांक 07762-222914/07762-255334 पर भी कॉल कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

## प्लेसमेंट कैम्प 4 जुलाई को, 119 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़, 2 जुलाई।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 4 जुलाई 2024 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें दो निजी कंपनियों में रिक्त विभिन्न 119 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिले के योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.न्यूट्रीनिटी क्रॉप केयर प्रा.लि.रायगढ़ में 12 वीं पास आवेदकों के लिए सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के रिक्त 36 पद, 12 वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण के लिए ग्रुप लीडर में 2 पद एवं टीम लीडर में 1 पद रिक्त है। इसी तरह मे.एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड रायपुर में 12 वीं पास उत्तीर्ण आवेदकों के लिए इंडिविजुअल रिलेशनशिप में 50 पद तथा ग्रुप क्रेडिट ऑफिसर (जीसीओ)में 30 पद रिक्त है।

### जिले में 167.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 2 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 जुलाई तक 167.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 34.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 223.9 मिली मीटर, पुसौर में 258, खरसिया में 134.5, घरघोड़ा में 188.6, तमनार में 112.2, लैलूंगा में 161.1, मुकडेगा में 187.4, धरमजयगढ़ में 84.5, छाल में 166.2 एवं कापू में 157 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## एक नजर

### दहेज के लिए प्रताड़ना, जुर्म दर्ज

**रायपुर 2 जुलाई।** ग्राम छपोरा, थाना विधानसभा निवासी श्रीमती समीक्षा साहू ने अपने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पत्रवार्ता में समीक्षा ने कहा कि उसका पति उससे पाशविक व्यवहार करता रहा है। समीक्षा की शादी 16 अप्रैल सन् 2022 में ग्राम जेवरा, जिला बेमेतरा निवासी चंद्रकांत से हुई थी। विवाह के दो माह बाद ही ससुर जीवराखन साहू, सास लक्ष्मी, जेठ कमलकांत व जेठानी गीतांजलि साहू दहेज कम लाने की बात कहकर ताना मारने लगे थे। दुकान खोलने मायके से पांच लाख रुपए नकद सहित दाल, चावल, साबुन, सब्जी सहित अन्य सामग्रियां व सोना-चांदी का गहना मंगाने प्रताड़ित करने लगे थे। अश्लील गालियां देना, मारपीट तथा खाना-पीना नहीं देना रोज की बात हो गई थी। समीक्षा ने बताया कि पांच जुलाई सन् 2023 को उसने पुत्री को जन्म दिया उसके बाद उस पर प्रताड़ना और बढ़ गया। मेरे चरित्र पर शंका कर डीएनए टेस्ट कराने की बात कहने लगे थे। समीक्षा के अनुसार उसका पति मना करने के बाद भी उससे जबरदस्ती अप्राकृतिक कृत्य करता था। अप्राकृतिक संबंध बनाने से रोकने पर जान से मारने की धमकी देता था। दहेज की मांग करते हुए मुझे मेरे मायके छोड़ दिया गया। मेरे माता-पिता तथा मेरा रिश्ता तय करने वाले अशोक साहू ने समझाने का प्रयास किया लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। उल्टे मेरा पति कहने लगा कि सास से संबंध बनाकर समीक्षा के भाई-बहन पैदा कर दूंगा। 24 वर्षीया समीक्षा ने महिला थाना में लिखित शिकायत देते हुए अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञात हुआ कि पुलिस ने धारा 498ए भादंसं के तहत अपराध कायम कर लिया है।

### ब्रह्मभट्ट समाज ने सम्मेलन कराने का लिया निर्णय



**रायपुर 2 जुलाई।** ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई। जिसमें समाज को करोना काल के बाद आए गतिरोध को दूर कर पुन: सक्रिय करने और सम्मेलन कराने के लिए आवश्यक तैयारी करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि समाज के वयोवृद्ध सदस्य तथा छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा जी के स्वर्गवास के बाद और करोना काल में आई निष्क्रियता के चलते समाज की नियमित बैठके बंद थी। उसे फिर से नियमित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ,समाज के वरिष्ठ सदस्य भवानी शंकर शर्मा, अध्यक्ष राजकिशोर भट्ट, नितिन शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक भट्ट धमतरी, रमेशचंद्र शर्मा, एचएल ब्रह्मभट्ट, विनोद कुमार शर्मा, डॉ. ज्योति भट्ट, अमित शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, रविकांत शर्मा व प्रमोद ब्रह्मभट्ट उपस्थित रहे।

### दीपक की पुस्तक का विमोचन

**रायपुर 2 जुलाई।** दुनिया के जाने-माने कॉर्पोरेट ट्रेनर और मोटिवेशनल स्पीकर दीपक बजाज ने हाल ही में रायपुर में अपना 'ड्रीम्स टू रियलिटी इंडिया टूर' पूरा किया, जिसने पूरे शहर पर कभी न भूलने वाला प्रभाव छोड़ा है। लोगों को सशक्त बनाने में अपने दो दशकों से अधिक के अनुभव और अपनी ट्रेनिंग वर्कशॉप से 21 लाख से अधिक लोगों के जीवन को बदलने के एक आश्चर्यजनक रिकॉर्ड के साथ, रायपुर में दीपक के कार्यक्रम ने 1 हज़ार से अधिक लोगों के सपनों को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित और सशक्त किया। इस इवेंट का आयोजन दीपक की 5वीं सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब- 'सपनों से हकीकत 5 कदमों में' की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। यह किताब हिंदी और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है और पहले ही सेल्स, मार्केटिंग और बिजनेस डेवलपमेंट कैटेगरी में नंबर-1 किताब के रूप में अपनी जगह बना चुकी है।दीपक ने अपनी अनोखी ट्रेनिंग मेथडोलॉजी के माध्यम से 1 हज़ार से अधिक लोगों के दिल और दिमाग को प्रभावित किया है।



# बगिया में मुख्यमंत्री साय बच्चों को कराएंगे शाला प्रवेशोत्सव

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने गृह ग्राम बगिया में प्राथमिक शाला के बच्चों से रूबरू होंगे तथा उन्हें मिष्ठान खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव कराएंगे। ज्ञात रहे प्राथमिक शाला बगिया जिला पत्थलगांव में मुख्यमंत्री स्वयं पढ़कर निकले हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पत्थलगांव जिले के ग्राम बगिया में पांच जुलाई को आएंगे। यहां पर प्राथमिक शाला के बच्चों को प्रवेश कराने के उत्सव में शामिल होंगे। जिन छात्रों ने 10वीं-12वीं की परीक्षा में टॉप किया है उनका सम्मान करेंगे। प्राथमिक शाला के बच्चों से वे रूबरू होंगे तथा उन्हें भी अपनी तरह मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा अधिकृत कार्यक्रम जिला प्रशासन के पास पहुंच गया है जिसके चलते सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के गृह ग्राम में उनके भव्य स्वागत की तैयारियां चल रही है। पत्थलगांव में भी अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करने का कार्यक्रम बनाया गया है लेकिन अभी इसे स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। मुख्यमंत्री से कई सामाजिक संगठन मिलेंगे तथा पत्थलगांव को भी जिला बनाने की मांग करेंगे।

**मंत्रिपरिषद के गठन को लेकर अटकलें:** विष्णुदेव सरकार के मंत्रिमण्डल का विस्तार अटक गया है। इसको लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही है। राज्य में एक उपचुनाव रायपुर दक्षिण का होना है। ऐसी चर्चा है कि भाजपा के एक और वरिष्ठ नेता को भी इसी महीने के अंत में राज्यपाल बनाया जा सकता है। जिसके चलते एक और उपचुनाव होने की संभावना है। एक अन्य चर्चा के अनुसार इस समय भाजपा में ही अनेक लाग राजनीतिक ताकत के केंद्र बिन्दु बन गए हैं जिसके चलते मंत्रिमण्डल का गठन नहीं हो पा रहा है।



### मंत्री के व्यवहार ने सबका दिल जीत लिया

**रायपुर 2 जुलाई।** खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के रायपुर निवास में पहुंच कर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने जन्मदिन की बधाई एवं स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर साजा विधयक उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि बलौदा बाजार कांड को लेकर मंत्री जी ने जन्मदिन नही मनाने का निर्णय लिया। फिर भी मंत्री जी को बधाई देने समर्थको का तांता लगा रहा।

# विधानसभा में लगाए गए प्रश्नों का उत्तर बनाने की कवायद

■ मुख्यमंत्री के पास 20 से अधिक विभाग

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 2 जुलाई।** विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रश्नों की झड़ी लगनी शुरू हो गई है। महानदी मंत्रालय एवं इंद्रावती संचालनालय में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रश्नों का उत्तर तैयार किया जा रहा है।

विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी हो गई है। विधानसभा सचिवालय में ऑनलाईन प्रश्न लगने शुरू हो गए हैं। इस समय खंड 1 के अंतर्गत आने वाले विभागों के प्रश्न का समय समाप्त हो गया है। खण्ड 1 में मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री के विभागों के प्रश्न पूछे गए हैं। मुख्यमंत्री के पास इस समय कुल 20 विभाग हैं जिसमें खनिज, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, शालेय शिक्षा प्रमुख हैं। शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी, भवनों की दुर्दशा, स्वामी आत्मानंद स्कूलों में स्टाफ का टोटा सहित शिक्षाकर्मियों के युक्तियुक्तकरण में हुई अनियमितता के संबंध में अनेक प्रश्न लगाए गए हैं। उच्च शिक्षा में भी प्राध्यापकों की कमी है जिसके कारण अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है। खनिज विभाग में डीएम फंड का दुरुपयोग एवं खनिज माफिया को लेकर प्रश्न लगाए गए हैं। बरसात लगते ही ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कटौती तथा पराली को लेकर भी सवाल लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री सचिवालय के अनुसार मानसून सत्र में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कानून लाया जा सकता है। अभी तक अनुपूरक बजट के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। राज्य शासन द्वारा अवर्षा की स्थिति से उत्पन्न स्थिति, खाद-बीज की कमी सहित अन्य मुद्दों पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। बलौदाबाजार में हुए कांड एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा। ज्ञात रहे राज्य में बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के पश्चात उनके चार पांच विभाग मुख्यमंत्री के पास आ गए हैं। इन विभागों का उत्तर भी मुख्यमंत्री को देना होगा। सत्र के दौरान लोकसभा चुनाव में हार-जीत को लेकर भी पक्ष और विपक्ष में तीखी नोंकझोंक होने की संभावना है।

# महतारी वंदन पर कांग्रेसी माफी मांगे: रंजना साहू

**रायपुर2 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादे के मुताबिक महतारी वंदन योजना की पाँचवीं किश्त की राशि महिलाओं के खाते में अंतरित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि सत्ता में आते ही प्रदेश सरकार ने अपने वादों पर तेजी से अमल करके देशभर में एक मिसाल कायम की है और यह प्रमाणित किया है कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के लोग कहते थे कि महतारी वंदन योजना लागू नहीं होगी, किसी को पैसा नहीं मिलेगा। फिर भाजपा चुनाव जीती तो कांग्रेस को लोग कहने लगे कि पैसा नहीं मिलेगा। महतारी वंदन योजना की पहली एवं दूसरी किश्त देने के बाद भी कांग्रेस पार्टी कह रही थी कि अब अगली किश्त नहीं मिलेगी। उसके बाद भी मिल गई तो कहने लगे कि लोकसभा चुनाव के बाद नहीं मिलेगी। लोकसभा चुनाव के बाद भी किश्त मिल गई, लेकिन कांग्रेस के लोग फिर कहने लगे कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद यह राशि नहीं मिलेगी। वह राशि भी नतीजे आने के बाद प्रदेश की महिलाओं को मिल गई। श्रीमती साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने पाँच बार झूठ बोला, इसके लिए कांग्रेस के सारे नेताओं को छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के नेता झूठ की राजनीति करते हैं, भ्रम की राजनीति करते हैं। अब यह स्पष्ट बयान पब्लिक डोमेन में मौजूद है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व मीडिया प्रमुख ने कहा था कि महतारी वंदन योजना की राशि नहीं मिलेगी लेकिन मिल गई है तो अब उन सबको माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने कहा कि सोमवार, 01 जुलाई को मुख्यमंत्री श्री साय ने महतारी वंदन योजना की पाँचवीं किश्त सीधे 70 लाख लाभार्थी विवाहित महिलाओं के खाते में अंतरित करके महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के संकल्प को पूर्ण किया है। विधानसभा चुनाव के दौरान व्यक्त किए गए अपने इस संकल्प की पूर्ति करते हुए सत्ता में आने के तीन महीनों के भीतर ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस योजना पर अमल शुरू कर दिया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को इस योजना की पहली किश्त जारी की थी जो बिना किसी बाधा के नियमित महिलाओं तक हर महीने पहुँच रही है।

### फलों और सब्जियों की सुरक्षा के उपाय पेश

**रायपुर 2 जुलाई।** प्रमुख कृषि विज्ञान कंपनी, एफएमसी इंडिया ने दो नए इनोवेटिव उत्पाद - वेल्ज़ो और कोसूट फफूंदीनाशक लॉन्च किए हैं। इन्हें फसल उपार्जन के शुरुआती समय से ही फलों और सब्जियों की फसलों को हानिकारक कवक (फफूंद) रोगों से बचाने के लिए तैयार किया गया है। ये उत्पाद किसानों को उनकी भूमि की उत्पादकता और सुदृढ़ता को बढ़ाने वाले अभिनव समाधान पेश करते हैं, जो एफएमसी इंडिया की प्रतिबद्धता को बखूबी दर्शाते हैं। वेल्ज़ोइ और कोसूटइ फफूंदीनाशक को विशेष रूप से भारत में फल और सब्जी की पैदावार करने वाले किसानों की सहायता करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसकी मदद से वे फसल में रोगों का प्रभावी ढंग से नियंत्रण कर सकेंगे और उपज के नुकसान को रोक सकेंगे, जिससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली उपज मिल सकेगी।

रवि अन्नावरपु, प्रेसिडेंट, एफएमसी इंडिया, ने कहा, एफएमसी इंडिया में, हम किसानों की समस्याओं से उन्हें राहत दिलाने के उद्देश्य से, उन्नत समाधानों की पेशकश करके कृषि में क्राँति लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे वेल्ज़ोइ और कोसूट फफूंदीनाशक उत्पाद इसके सार्थक उदाहरण हैं।

# महावीर इंटरनेशनल ने किये 300 जयपुर पैरों का वितरण



**रायपुर 2 जुलाई।** महावीर इंटरनेशनल त्रिशला द्वारा 50 वीं स्वर्ण जयंती के अवसर पर श्री विनय मित्र मण्डल के पचपेड़ी नाका स्थित वर्कशॉप में पैर कटे दिव्यांगों को जयपुर पैर के वितरण की श्रृंखला में आज 300 वां कृत्रिम पैर वितरित किया गया । भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्री विनय मित्र मण्डल से संस्थापक महेन्द्र कोचर व पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने जयपुर पैर वितरण समारोह का शुभारंभ किया । महावीर इंटरनेशनल त्रिशला की सदस्यों द्वारा प्रार्थना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । त्रिशला की संचालक कुसुम श्रीश्रीमाल ने बताया कि आज 20 पैर कटे भाई बहनों को बिना सहारे चलते देखकर सभी उपस्थितजन रोमांचित महसूस करने लगे । सभी जयपुर पैर श्रीश्रीमाल परिवार की बहू बेटियों के सौजन्य से दिये गए हैं । गर्मी की छुट्टियों में सभी बहु बेटियों ने निर्णय लिया कि शॉपिंग में से कुछ कटौती कर दिव्यांगों की सेवा करनी है । श्री विनय मित्र मण्डल द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में घुटनों के ऊपर से कटे 7 दिव्यांगों व घुटने से नीचे से पैर कटे 13 भाई बहनों को कृत्रिम पैर लगाकर चलाया गया । इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल त्रिशला की कुसुम श्रीश्रीमाल लीला श्रीश्रीमाल सुनंदा श्रीश्रीमाल राजश्री श्रीश्रीमाल साक्षी श्रीश्रीमाल रंभा श्रीश्रीमाल सुधा सेठिया एकता गोलछा शर्मिला मुनोत उषा कोठारी उर्मिला बरलोटा उपस्थित थी । जोन के चेयरमैन डॉ निरंजन हरितवाल श्री विनय मित्र मण्डल अध्यक्ष महावीर मालू , पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर , खेमराज बैद उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन कुसुम श्रीश्रीमाल ने किया ।

### अंजय शुक्ल का जन्मदिन मनाया गया

**रायपुर 2 जुलाई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण देव विधायक जगदलपुर एवम विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने फोन कर बधाई एवम शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल के कृषि एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरी शंकर अग्रवाल राजस्व एवम धर्मस्व मंत्री श्री टंक राम जी वर्मा , पूर्व मंत्री विधायक रायपुर पश्चिम श्री राजेश मूणत, विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोतीलाल साहू , रायपुर उत्तर श्री पुरन्दर मिश्रा आरंग विधायक श्री खुशवंत गुरु भाजपा प्रदेश मंत्री श्री प्रबल सींग जूदेव चैम्बर के अध्यक्ष श्री अमर पारवानी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री विजय अग्रवाल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री हितेंद्र तिवारी रोटरी और मेसिनिक क्लब के अध्यक्ष श्री रामकुमार शुक्ल डॉ दिनेश मिश्र ने बधाई दी है ।


श्री जगन्नाथ
धरमशाला
लॉज
* ठहरने की सुविधा
* आधार कार्ड अनिवार्य
-: किराया सूची:-
सामान्य कमरा 300 रुपये
बिना एसी का कमरा 500 रुपये
एसी का कमरा 800 रुपये
बलार रोड, कसडोल (जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा)
मो. नंबर- 7771962500, 9826949452

# महिलाओं ने किया रक्तदान

**रायपुर 2 जुलाई।** महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोड़ा बताया कि आज 1 जुलाई 2024 को चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेंबर के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्री नारायणा हास्पीटल, देवेन्द्रनगर, रायपुर में किया गया जहां महिला चेम्बर के सदस्यों एवं आमजनों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में डॉ. प्रीतम अग्रवाल-चिकित्सा अधीक्षक, हड्डी रोग विशेषज्ञ, कंधे एवं घुटने के विशेषज्ञ, डॉ. ए. चंद्रा राव-वरिष्ठ गहन विशेषज्ञ, डॉ. धनंजय प्रसाद- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक प्रमुख, डॉ. अंकिता पटेल-बच्चों का चिकित्सक, डॉ.नयन सिंह-आपातकालीन प्रभारी, श्री अतुल सिंघानिया-प्रबंध निदेशक, डॉ. मेघा खेमका प्रशासनिक अधिकारी श्री नारायणा हास्पीटल, रायपुर ने अपना भरपूर सहयोग दिया। श्रीमती अरोरा ने बताया कि चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु लोगों में जागरूकता लाने तथा रक्तदान करने से होने वाले लाभ की जानकारी देने श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेम्बर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु रक्तवीरों एवं चिकित्सकों का महिला चेम्बर द्वारा सम्मान किया गया।



शोक पत्र



शोक संतप्त हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **अग्नि चन्द्राकर जी** का स्वर्गवास दिनांक 24 जून 2024, दिन-सोमवार को हो गया है । विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं। अतः पुण्यात्मा की शांति हेतु सपरिवार पधारकर हमें अनुग्रहित करें ।

कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| तिजनाहवन | :- 26 जून 2024, बुधवार |
| दशगात्र | :- 03 जुलाई 2024, बुधवार |
| तालाब कार्यक्रम | :- प्रात: 11 बजे (लभरा कला) |
| कार्यक्रम स्थान | :- ग्राम-खट्टी, महासमुन्द |

कृपया भेंट सामाग्री न लावें।

शोकाकुल परिवार
दौलत, चोवा, चेतन, नरेश, शैलेन्द्र, सुधीर, राकेश,मनीष, मुकेश, मितेन्द्र, भूपेन्द्र, आनंद, गौरव, प्रत्युष, राजेश, अभिनव, सिद्धार्थ, अखिलेश, विप्लव, हर्षित, पुलकित, हिमांशु, दीपांश, रेयांश, अव्यांश एवं समस्त चन्द्राकर परिवार, ग्राम-लभरा कला, महासमुन्द

विनीत
श्रीमती पद्मा चन्द्राकर (पत्नी)
दिव्येश-मिनाली (पुत्र-वधु)
जवाहर लाल (भैय्या)
अशोक चन्द्राकर (भाई)
मो.- 8349333303

# जीएसटी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया

**रायपुर 2 जुलाई।** कार्यालय आयुक्त, केंद्रीय माल और सेवाकर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, रायपुर (छ. ग.) में 7 वां राष्ट्रीय जीएसटी दिवस समारोह मनाया गया । समारोह की अध्यक्षता मोहम्मद अबु सामा, आयुक्त सीजीएसटी, रायपुर के द्वारा की गई ।

समारोह में विशेष रूप से श्री एम. पी. मीणा, आयुक्त (लेखापरीक्षा), सीजीएसटी रायपुर, नीरज दुबे, अपर आयुक्त, श्रवण बंसल, अपर आयुक्त, डॉ. ओ. पी.बिश्नोई संयुक्त आयुक्त, हर्ष राज संयुक्त आयुक्त और सीजीएसटी आयुक्तालय, रायपुर अपील आयुक्तालय, रायपुर और लेखापरीक्षा आयुक्तालय, रायपुर के सभी अधिकारियों ने भाग लिया ।



इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के बारिश पत्रकार जॉन राजेश पॉल , विभिन्न ट्रेड यूनियनों और व्यापार और वाणिज्य जगत से जुड़े विभिन्न संगठनों, सीए एसोसिएशन, बार एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स, उरला इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, रायपुर, भिलाई स्टील प्लांट, प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी समारोह में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई ।

अपने अध्यक्षीय भाषण में मोहम्मद अबु सामा आयुक्त सीजीएसटी, रायपुर ने कहा कि स्वतंत्र भारत के अब तक के सबसे बड़े कर सुधार के रूप में 1 जुलाई, 2017 को जीएसटी कर प्रणाली लागू हुई । अब तक जीएसटी ने 7 वर्षों का एक छोटा लेकिन सफल सफ़र पूरा कर लिया है । साथ ही इस बात की खुशी और गर्व प्रकट किया कि हम सबने एक राष्ट्र और एक कर की प्रणाली को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26